चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 82, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 16 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# अब गुजरात में चला सरकारी बुलडोजर

## खंभात में दरगाह के सामने बनीं अवैध दुकानें गिराईं, रामनवमी शोभायात्रा पर पथराव के बाद एक्शन






**खंभात:** यूपी के योगी बाबा के बुलडोजर एक्शन की लोकप्रियता मध्यप्रदेश होते हुए गुजरात पहुंच गई है। गुजरात के खंभात में रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव करने वालों की दुकानों को प्रशासन ने बुलडोजर से गिरा दिया है। यह दुकानें हिंसा वाली जगह एक मजार (दरगाह) के सामने अवैध तरीके से बनाईं गई थीं। रामनवमी पर गुजरात के खंभात के अलावा हिम्मतनगर और द्वारका में भी पथराव हुआ था। खंभात में हुए पथराव में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और 15 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

**प्रशासन ने कहा- अवैध निर्माण गिराया:** खंभात प्रशासन ने दुकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई के बारे में कहा- यह सब अवैध निर्माण था, जिसे गिराया गया है। सुरक्षा के लिहाज से इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस




बल तैनात रहा। एसडीएम और कई अन्य बड़े ऑफिसर भी इस कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद रहे। प्रशासन का कहना है कि यहां जो अवैध निर्माण थे, वहां से आपराधिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं, इसलिए एक्शन लिया गया। इस तरह से हिंसा फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**खंभात में क्या हुआ था?:** रामनवमी के मौके पर खंभात शहर के शंकरपुरा क्षेत्र के रामजी मंदिर से रविवार शाम 4 बजे डीजे के साथ जुलूस निकाला गया था। जुलूस में तीन हजार से अधिक श्रद्धालु जमा थे। जुलूस तीन द्वारों चितरी बाजार, पीठ बाजार, मंडई चौकी क्षेत्र से होकर गुजरना था। हालांकि शंकरपुरा क्षेत्र से निकलने के बाद जुलूस कुछ दूर ही पहुंचा था कि तभी बबूल के खेतों से कुछ दंगाइयों ने अचानक जुलूस पर पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद जुलूस में शामिल लोगों में भगदड़ मच गई। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया।

**तीन मौलवियों ने बाहर से बुलाए थे दंगाई:** खंभात पुलिस के मुताबिक दंगे की साजिश खंभात के ही तीन मौलवियों और दो अन्य लोगों ने रची थी। तीनों मौलवियों सहित अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। दंगे की साजिश को अंजाम देने के लिए मौलवियों ने खंभात के बाहर से लोगों को बुलाया था, जिससे कि उनकी पहचान न हो सके। वहीं, जुलूस के एक दिन पहले ही खेतों में पत्थर जमा कर लिए गए थे। जुलूस पर पत्थर कहां से फेंकना है, यह भी पहले से ही तय था।

**मप्र के खरगोन में भी चला था बुलडोजर:** रामनवमी के दिन मध्यप्रदेश के खरगोन में भी इसी तरह की हिंसा हुई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दंगाइयों के खिलाफ जबर्दस्त एक्शन लिया था। जुलूस पर पत्थर फेंकने वालों के घरों पर जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया।

आरोपियों के घर और दुकानें भी ढहा दी गईं। शहर के संवेदनशील क्षेत्र छोटी मोहन टॉकीज में भारी पुलिस बल तैनात कर दंगाइयों के मकान-दुकान जमींदोज कर दिए गए।

## खरगोन उपद्रव: घायल हुए शिवम की हालत में सुधार, 5 दिन बाद आया होश

**इंदौर: खरगोन** जिले में रामनवमी के दिन हुए उपद्रव में घायल शिवम शुक्ला को पांच दिन बाद होश आ गया है। इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती शिवम की हालत में अब सुधार है। शिवम की तबीयत में सुधार होने के बाद उसके परिजनों ने राहत की सांस ली है। शिवम रविवार से इंदौर के अस्पताल में भर्ती है जहां उसका इलाज जारी है। बवाल वाले दिन वह उपद्रवियों की चपेट में आ गया था, जिसके चलते उसके सिर में गंभीर चोट आई है। शिवम की हालत में सुधार होने के बाद उसे वेंटिलेटर से हटाकर शिफ्ट कर दिया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर इंदौर कलेक्टर मनीष सिंह ने सीएचएल अस्पताल जाकर शिवम का हालचाल जाना। मनीष सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि सिवम का बेहतर से बेहतर उपचार किया जाए। इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। खबरें आ रही थी कि शिवम के इलाज में लाखों रुपये खर्च हो रहे हैं। कुछ समाजिक संगठनों ने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है, ताकि शिवम का इलाज हो सके।

**बहन की शादी टली:** शिवम की बहन कृतिका शुक्ला की शादी 17 अप्रैल को होना तय था। लेकिन शिवम की



हालत को देखते हुए दोनों परिवारों ने शादी को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। बहन की शादी के कार्ड भी बांटे जा चुके थे। शिवम शुक्ला धार जिले का रहने वाला है। उसकी बहन की शादी गुजरात में हो रही है।

**खरगोन में रहकर पढ़ाई कर रहा है शिवम:** धार जिले के रहने वाला शिवम खरगोन में अपने मामा के यहां रहता है।

वह खरगोन के पॉलिटेक्निक कॉलेज से डिप्लोमा कर रहा है। घटना वाले दिन शिवम अपने मामा के लड़के और कुछ दोस्तों के साथ सिद्धनाथ मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। जिस समय उपद्रवियों ने पथराव किया उसी दौरान शिवम को गोली लग गई और वह घायल हो गया।

**पढ़ने में होशियार है शिवम:** गंभीर रूप से जख्मी शिवम को खरगोन जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था लेकिन उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे इंदौर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## दिल्ली: संक्रमण की बढ़ती रफ्तार से सरकार चिंतित

### एडवायजरी के मुताबिक फैसला लें स्कूल: सिसोदिया

**नई दिल्ली:** दिल्ली में कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार से सरकार और स्वास्थ्य महकमा चिंतित है। स्कूलों में आने वाले मामलों ने ये चिंता और बढ़ा दी है। शुक्रवार को केजरीवाल सरकार के डिप्टी सीएम ने कहा कि दिशा-निर्देश बताते हैं कि केवल विशिष्ट विंग या कक्षा, जहां कोई कोविड संक्रमित पाया गया था, उसे अस्थायी रूप से बंद किया जाना चाहिए। स्कूल ऐसे मामलों को देखते हुए पूरे परिसर को भी बंद करने का निर्णय ले सकते हैं, जहां



एक भी संक्रमित मिला हो।

**बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी निजी स्कूलों को दिशा-निर्देश:** शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार ने कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी निजी स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय ने कहा कि संक्रमण के मामले स्कूल प्राधिकरण के सामने आते हैं तो उन्हें शिक्षा निदेशालय और संबंधित विंग या स्कूल को सूचित किया जाना चाहिए। साथ ही विंग को या फिर मामलों को देखते हुए पूरे स्कूल कुछ समय के लिए बंद कर देना चाहिए।

**20 को होगी डीडीएमए की बैठक:** राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए मौजूदा स्थिति पर चर्चा करने के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक 20 अप्रैल को होगी।



उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू धर्मपत्नी संग अयोध्या के विख्यात हुनमानगढ़ी मंदिर में अंजनि पुत्र हनुमान जी की पूजा-आरती में भाग लेते हुए।

## पीओके में भी इमरान को झटका, पीएम का इस्तीफा

**मुजफ्फराबाद:** पाकिस्तान में सत्ता से बाहर किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अब हर ओर से झटका लग रहा है। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में भी उनके सिपहसालार प्रधानमंत्री अब्दुल कय्यूम नियाजी को इस्तीफा देना पड़ा है। दरअसल उनके खिलाफ इमरान की पार्टी के ही विधायक अविश्वास प्रस्ताव ला चुके थे। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में इस समय इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) की सरकार है।

## न्यूयॉर्क में तीन सिख बुजुर्गों पर हमला करने वाला किशोर गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क:** न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल में नौ दिन के भीतर तीन सिख बुजुर्गों पर हमला कर उन्हें जख्मी करने वाले किशोर को गिरफ्तार कर लिया गया है। न्यूयॉर्क पुलिस ने उसके खिलाफ नफरती अपराध का आरोप लगाया है। न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल में बुधवार को मॉर्निंग वॉक पर निकले 76 व 64 वर्षीय दो सिखों पर अचानक हमला कर दिया गया था। दो संदिग्ध लोग अचानक आए और सिखों पर डंडों से हमला कर दिया। उन्हें पीटने के बाद उनकी पगड़ी उतार दी। यह हमला उसी स्थान पर हुआ, जहां ठीक नौ दिन पहले भी एक सिख पर हमला हुआ था। तब 70 वर्षीय सिख निर्मल सिंह पर हमला हुआ था और 4 अप्रैल को उनकी खून से लथपथ पगड़ी के चित्र सामने आए थे। इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया था। अब दो दिन बाद पुलिस ने ब्राउंसविले निवासी 19 वर्षीय वर्नन डगलस को ब्रुकलिन में गिरफ्तार किया है। डगलस पर लूट, मारपीट, उत्पीड़न के साथ नफरती अपराध का आरोप भी लगाया गया है।

## छत्तीसगढ़: मिशन 2023 की जोरदार तैयारी

### मैदान में उतरी टीम मोदी तो सीएम बघेल करेंगे 90 सीटों का मैराथन दौरा

**रायपुर:** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव भले ही 2023 में है, लेकिन अभी से राज्य में चुनावी सरगर्मियां तेज हो चली है। एक तरफ जहां विपक्ष में बैठी भाजपा ने अपने सांसदों और विधायकों को अपने क्षेत्र के कमजोर बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंप दी है। वहीं, दूसरी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी मैदान संभाल लिया है। 2 मई से बघेल राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों का मैराथन दौरा करेंगे। इस दौरान वे सरकारी योजनाओं की स्थिति देखेंगे और स्थानीय स्तर पर सरकार के कामकाजों का फीडबैक भी आम



लोगों से लेंगे। साथ ही वे कांग्रेस संगठन की स्थिति की भी नब्ज टटोलेंगे। इधर, मोदी सरकार के 9 केंद्रीय मंत्री अप्रैल में छत्तीसगढ़ का दौरा करते हुए नजर आएंगे। वे आकांक्षी जिलों में मोदी सरकार की योजनाओं की समीक्षा के साथ भाजपा कार्यकताओं को रिचार्ज करेंगे।

**दो माह तक चलेगा सीएम कार्यक्रम:** सीएम भूपेश बघेल प्रदेश के सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर योजनाओं की जमीनी हकीकत के साथ आम जनता से रूबरू होंगे। सीएम का यह कार्यक्रम दो मई से शुरू होगा जो अगले दो माह तक चलेगा। सीएम ने पहले ही बता दिया है कि वे सभी विधानसभा क्षेत्रों में जाकर कामकाज की समीक्षा करेंगे। बघेल के इस दौरे से स्थानीय कार्यकर्ता रीचार्ज होंगे और स्थानीय नेताओं की सक्रियता की जानकारी भी उन्हें मिलेगी।

## चंडीगढ़: 2051 तक 45 लाख हो जाएगी ट्राइसिटी की जनसंख्या

**चंडीगढ़: चंडीगढ़** समेत ट्राइसिटी में बढ़ते ट्रैफिक पर लगाम लगाने के लिए यूटी प्रशासन व्यापक मोबिलिटी प्लान तैयार कर रहा है। इसके लिए रेल इंडिया तकनीकी और आर्थिक सेवा (राइट्स) कंपनी को काम सौंपा गया है। कंपनी छह चरणों में इस काम को पूरा करेगी। दूसरे चरण की अंतरिम रिपोर्ट आ गई है। उसके अनुसार वर्ष 2051 तक ट्राइसिटी की जनसंख्या 45 लाख से ज्यादा हो जाएगी। इन्हीं आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई जा रही है। ट्राइसिटी के लिए मेट्रो मुफीद रहेगी,



मोनो रेल या फिर कुछ और ये पता लगाने के लिए राइट्स कई तरह के आंकड़ों का सहारा ले रही है। इनमें चंडीगढ़ ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (सीटीयू) की बसों में रोजाना सफर करने वाले लोगों की संख्या, आरएलए, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट, पंचकूला-मोहाली के आंकड़े, पंचकूला की एकीकृत आर्थिक विकास योजना।

## कांग्रेस में सब ठीक नहीं: गुजरात में चल रहा पंजाब और उत्तराखंड का रीटेक!

### चुनाव लड़ने से पहले अपनों में ही हो रही है लड़ाई



**अहमदाबाद:** गुजरात में जैसे-जैसे विधानसभा के चुनाव नजदीक आते जा रहे हैं वहां कांग्रेस में राजनीतिक घमासान तेज होता जा रहा है। कुछ महीने पहले हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की तरह गुजरात में भी एक बार फिर से चुनावों से पहले आपस में नेताओं की तकरार शुरू हो गई है। गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने जिस तरह से पार्टी को निशाने पर लिया है उससे राजनीतिक हलकों में स्पष्ट संदेश है कि आने वाले कुछ दिनों में पटेल पार्टी छोड़कर किसी दूसरे दल में शामिल हो सकते हैं। वहीं, अंदरूनी रार के चलते कांग्रेस के नेताओं का चुनाव से ऐन वक्त पहले दूसरी पार्टियों में खिसकना जारी हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के लिए उनके अपने ही नेता चुनौती बने हुए हैं। इसलिए गुजरात विधानसभा का चुनाव कांग्रेस के लिए टेढ़ी खीर हो गया है। गुजरात कांग्रेस में पिछड़ों के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री कहते हैं कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता जा रहा है वैसे ही गुजरात में कांग्रेस के लिए बड़ी मुसीबत खड़ी होती जा रही है। वह कहते हैं कि हार्दिक पटेल ने जैसा बयान दिया है या नाराजगी जताई है वह बिल्कुल सही है। वह कहते हैं कि कांग्रेस के कुछ नेता जो कि पंजाब की तर्ज पर पार्टी को बर्बाद करने में लगे हुए हैं वह आलाकमान को न सिर्फ गलत फीडबैक दे रहे हैं बल्कि अंदरूनी तौर पर पार्टी को कमजोर भी कर रहे हैं।

## 'भारतीय डायस्पोरा दुनिया में जहां भी जाता है, भारत की पहचान को जिंदा रखता है'

**वॉशिंगटन:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय मूल के लोग दुनिया में जहां कहीं भी हैं, वहां उन्होंने भारत की पहचान को जीवित रखा है। उन्होंने अपने देश के हजारों मील दूर भी अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने के लिए भारतीय-अमेरिकी नागरिकों की सराहना की। राजनाथ वाशिंगटन में आयोजित टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होने के लिए यहां आए थे। इसके बाद उन्होंने हवाई और फिर सैन



फ्रांसिस्को की यात्रा भी की। अपनी पांच दिवसीय अमेरिका यात्रा को सफल बताते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन के साथ मुलाकात की। उन्होंने ऑस्टिन के साथ सोमवार को द्विपक्षीय वार्ता की थी।

## खबर संक्षेप

### घर में घुस कर मारा पीटा गया तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारा पीटा गया,पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बुआपुर निवासी बिहारी लाल पुत्र मोतीलाल का आरोपी है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारे की धमकी दी गई। पुलिस ने बिहारी लाल की तहरीर पर रामप्रसाद ,ननकी, मनीता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### फेसबुक पर अश्लील पोस्ट करने पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** फेसबुक पर युवती के पोस्ट पर अश्लील बातें पोस्ट करने पर पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी एक व्यक्ति का आरोप है कि उसकी पुत्री के फेसबुक पोस्ट पर कमेंट बॉक्स में गांव के दो युवकों ने अश्लील बातें पोस्ट की है। पुलिस ने संजू कुमार और संजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# साइकिल सवार किशोर की अनियंत्रित डम्फर की टक्कर से मौत



किशोर की मौत की खबर सुनकर घर पर जुटी लोगों की भीड़ व इन्सेट में मृतक किशोर नितिन उर्फ अमन यादव फाइल फोटो।

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** अनियंत्रित डम्फर की टक्कर से 13 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। मौका पाकर डम्फर सवार चालक ने डम्फर लेकर भागने में सफल रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के सहसों- फाफामऊ मार्ग पर बसमहुआ डिहिया गांव के सामने शुक्रवार को सायंकाल लगभग साढ़े पांच बजे अनियंत्रित डम्फर की टक्कर से 13 वर्षीय साइकिल सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में हाहाकार मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस किशोर का पीएम के लिए भेज दिया। थरवई थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी नितिन उर्फ अमन यादव 13 वर्ष पुत्र राम तीरथ यादव किसी काम से साइकिल से सहसों बाजार जा रहा था। नितिन साइकिल से बसमहुआ गांव के सामने पहुंचा ही था कि तेज गति से आ रहा अनियंत्रित डम्फर ने टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार नितिन यादव की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में हाहाकार मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थरवई पुलिस ने लिखा पढ़ी करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया पूरा गांव गमगीन हो गया है। किशोर नितिन यादव दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा था। वह कक्षा चार का छात्र था। नितिन की मौत से पिता राम तीरथ यादव तथा माता सुजाता देवी सहित अन्य परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से सफाई कर्मी महिला की मौत

### साथी कर्मचारियों ने किया नैनी कोतवाली का घेराव,परिजनों में मचा रहा कोहराम

**नैनी।** क्षेत्र के मेवालाल बगिया तिराहे के समीप शुक्रवार सुबह झाड़ू लगाते समय तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से सफाई कर्मचारी महिला की मौत हो गई। कार ड्राइविंग सीख रही महिला की घोर लापरवाही से यह घटना घटित हुआ। हादसे के बाद महिला कार लेकर आगे बढ़ गई। अस्पताल ले जाने पर सफाई कर्मी महिला को मृत बताए जाने के बाद नाराज सफाई कर्मचारियों ने नैनी कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की। किसी तरह पुलिस ने कर्मचारियों को समझाकर शांत कराने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। नैनी के त्रिवेणी नगर निवासी मुन्नी देवी (60) पत्नी स्व. अमृतलाल नगर निगम में संविदा पर सफाईकर्मी के पद पर कार्यरत थी। शुक्रवार सुबह वह मेवा लाल की बगिया तिराहे से नैनी कोतवाली की ओर जाने वाली रोड पर झाड़ू लगा रही थी। थक जाने पर रोड के किनारे बैठकर कर आराम कर रही थी। उसी दौरान कार चलाना सीख रही महिला की कार मुन्नी देवी को रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना के बाद महिला कार लेकर भाग निकली। साथी कर्मचारी मुन्नी देवी को आनन-फानन में अस्पताल ले गए, जहां उसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में नगर निगम के सफाईकर्मी नैनी कोतवाली के सामने एकजुट होकर गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग करने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी समझाने बुझाने के बाद लोग शांत हुए। मुन्नी देवी के तीन बेटे और दो बेटियां हैं। इस दुखद घटना से घर में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि मुन्नी देवी को रौंदने वाली कार की तलाश जारी है।



साथी कर्मचारियों द्वारा नैनी कोतवाली का घेराव करते व इन्सेट में मृतक महिला सफाई कर्मी की फाइल फोटो

# ताला तोड़कर लाखों के जेवरात समेत नकदी चोरी

### नैनी में नहीं रुक रही है चोरी की वारदात, पुलिस को खुली चुनौती देने में जुटे हुए हैं चोर

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका गांव के समीप चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवरात समेत लाखों रुपए नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर हर बार की तरह इस बार भी पुलिस मौके पर पहुंची और घटित वारदात की जांच पड़ताल करते हुए बैरंग वापस लौट आई।

जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जारी के रहने वाले मनोज कुमार सिंह प्राइवेट सर्विस करते हैं और वह नैनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका गांव के समीप सरस्वती नगर कॉलोनी में रहते हैं। दो दिन पूर्व वह परिवार समेत कौंधियारा स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर पर आयोजित तिलक समारोह में शामिल होने के लिए मकान में ताला बंद कर गए हुए थे। शुक्रवार सुबह वह परिवार समेत जब अपने नैनी स्थित घर पर वापस लौटे और अंदर पहुंचे तो सामानों को अस्त-व्यस्त देख दंग रह गए। भुक्तभोगी के मुताबिक चोरों के गिरोह ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए और आलमारी का लॉक व बक्से को तोड़कर वहां पर रखे लगभग साढ़े चार लाख रुपए के सोने व चांदी से निर्मित जेवरात समेत करीब एक लाख अस्सी हजार रुपए नकदी चोरी कर फरार हो गए। बता दें कि तीन दिन पूर्व ही औद्योगिक क्षेत्र के सण्डवा कला गांव निवासी पंकज गिरि मेवलाल की बगिया, हनुमान नगर स्थित चीयर शॉपिंग के नाम से जूते व कपड़े का शोरूम चलाते हैं। उनके शोरूम में भी एक शातिर चोर छत व सीढ़ियों के रास्ते से होते हुए दाखिल हो गया था और अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाया था। जबकि उसकी समस्त करतूत वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसी प्रकार बीते दिनों काजीपुर स्थित एक मकान में चोरों ने निशाना बनाते हुए हजारों रुपए के उपकरण पर हाथ साफ कर फरार हो चुके हैं। इसके अलावा नैनी कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग कई स्थानों पर बीते कुछ महीनों के अंदर ही चोर कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस हर बार की तरह जांच पड़ताल की खानापूर्ति करने में जुटी हुई है और चोर पुलिस को खुली चुनौती देते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने में लगे हुए हैं। जबकि पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। वहीं भुक्तभोगी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।




चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान



## अंतरजनपदीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, 2.5 किलो गांजा और 41 हजार नगद बरामद

**शंकरगढ़।** यमुनापार के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गांजा तस्कर के पास से ढाई किलो गांजा और 41 हजार रुपये नगद बरामद हुए हैं। यह गिरफ्तारी एसओ मनोज कुमार सिंह और सब इंस्पेक्टर ऋतुराज सिंह ने मुखबिर की सूचना पर की है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उन्हे मुखबिर के जरिए गांजा तस्कर के बारे में सूचना मिली। इस पर उन्होंने अपनी टीम के साथ क्षेत्र के लकहर पुलिया के पास रुककर तस्कर का इंतजार किया। जैसे ही संदिग्ध बाइक सवार दिखा, रोककर उसकी तलाशी ली गई। उसके पास से ढाई किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। एसओ ने बताया कि गांजा के साथ धरे गए तस्कर सूरज मिश्र उर्फ रामभोले मिश्र उर्फ ईशदत्त मिश्र पुत्र श्याम बिहारी मिश्र (निवासी बसुहार, सराय अकिल, कौशांबी) के पास से 41100 रुपये नगद भी बरामद हुए हैं। इसके अलावा उसके पास से एक अपाचे बाइक मिली है, जिसपर नंबर प्लेट नहीं थी। बाइक की भी जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर दिया गया है। सूरज के खिलाफ कौशांबी जनपद के सराय अकिल थाने में भी एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज है।

## न्यूज झरोखा

### कॉस्मेटिक की दूकान में लगी आग से लाखों का सामान जल कर राख



**करछना।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धरवारा के मजरा तुरकहा गांव निवासी विष्णु प्रताप पाल पुत्र राजेंद्र प्रसाद पाल की आदर्श नगर चौराहे पर लकी कॉस्मेटिक की एक बड़ी दुकान है। बृहस्पतिवार रात में अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग जाने से दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित भुक्तभोगी के मुताबिक दुकान में रखी मोटरसाइकिल समेत खाद्य सामग्री के अलावा दुकान में रखे कीमती सामान सब जलकर राख हो गए । उन्होंने ने बताया कि आग की लपटे देख व शोर-शराबा होने पर जुटे ग्रामीणों की मदद से व घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया । लेकिन तब तक तकरीबन 3 लाख रुपए के सामान जलकर नष्ट हो गए थे। भुक्तभोगी की पत्नी सुशीला देवी लकी कॉस्मेटिक की दुकान पर ब्यूटी पार्लर हैं। इस घटना से सुशीला देवी बेहद चिंतित व मायूस हैं।बताया कि आजीविका का यही एकमात्र साधन रहा । जो सब कुछ जल कर खाक हो गया। ग्राम पंचायत धरवारा के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने इसकी शिकायत तहसील प्रशासन के उच्चाधिकारियों से की है।

### विहिप प्रखंड प्रतापपुर द्वारा नववर्ष का बधाई संदेश एवं महाप्रसाद वितरण



**प्रतापपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् प्रखंड प्रतापपुर गंगापार प्रयागराज द्वारा पूरे प्रतापपुर प्रखंड में समस्त हिन्दू परिवार को "नववर्ष विक्रम संवत - 2079" का बधाई संदेश एवं हिन्दू जनमानस के परम आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी श्री धाम अयोध्या जी का महाप्रसाद वितरण किया जा रहा है।इसका मुख्य उद्देश्य समस्त हिन्दुओं को अपने सनातन संस्कृति,अपने धर्म को बताने समझाने तथा धर्म की रक्षा करने एवं भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने हेतु कार्यकताओं द्वारा घर घर जाकर समस्त हिन्दू परिवार में संपर्क करके जागरूकता पैदा करने के लिए यह अभियान चलाया गया है।इसी के अंतर्गत महाप्रसाद एवं बधाई संदेश पत्र चनेथू मनोरथपुर के समाजसेवी बाबा तिवारी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष अशोक दुबे,मंत्री किशन पाठक,इतिहास एवं शोध संकलन मंत्री शेषधर द्विवेदी,सत्संग प्रमुख आचार्य धीरज द्विवेदी "याज्ञिक",आयुष तिवारी,अविनाश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### हनुमान जंयती की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**जंघई।** क्षेत्र के बजती गांव में श्री हनुमान प्रतिष्ठान हनुमान मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को हनुमान जंयती की पूर्व संध्या पर सुंदरकांड, भजन, हरि किर्तन का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया जिसमें सभी ग्रामीणों ने हिस्सा लिया मंदिर प्रांगण को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। शनिवार को हनुमान जंयती के अवसर पर हवन प्रसाद का आयोजन किया गया है।इस अवसर पर रामखेलावन यादव, रामआसरे, अवध नारायण, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र, सुरेंद्र, जितेंद्र,आशीष, धर्मेन्द्र यादव, अम्बिका प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

### जयंती के अवसर पर समाजसेवी ने प्याऊ की कराई व्यवस्था



**करछना।** डॉ. भीम राव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर समाजसेवी पवन कुमार यादव द्वारा ग्राम सभा निरिया, रिठैया, धरवारा,अरई चौराहा पर समाजसेवी द्वारा मिट्टी का घड़ा रखवाया गया एवं पानी पिलाने का कार्य किया गया जो कि वहां मौजूद व्यक्ति ग्राम प्रधान निरिया अमृतलाल एवं ग्राम प्रधान अरई अशोक कुमार पटेल, कृष्ण मोहन यादव, डाक्ट रजलू विश्वकर्मा (फार्मासिस्ट), रविंद्र कुमार, विनोद कुमार गौड़, भोला नाथ यादव, रामजी यादव, इंद्रजीत पटेल, लाल जी पटेल, उमा शिव यादव, राम भास्कर पटेल , कामता प्रसाद केसरवानी, राम तिवारी, पिंटू केसरवानी, रंगलाल पटेल, उदय राज प्रजापति, बबुवान यादव (सब्जी वाले)आदि लोग मौजूद रहे।

### जंघई नागरिक पीजी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ गंगेश दीक्षित का नेपाल में हुआ सम्मान



**जंघई।** लघुकथा समाज काठमांडू, नेपाल, रूसी भारतीय मैत्री संघ दिसा मास्को, रूस और वि. वि. मंडल संचालित कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय अक्कलकुवा महाराष्ट्र, भारत के संयुक्त तत्वावधान में काठमांडू नेपाल में द्वि दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंघई में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गंगेश दीक्षित को शोध लेख प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया और उनको सम्मानित भी किया गया। डॉ गंगेश दीक्षित को उनके हिंदी भाषा शिक्षा, साहित्य व संस्कृति के विकास और उत्थान के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए अंतराष्ट्रीय हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।इस उपलब्धि के नागरिक महाविद्यालय परिवार एवं समस्त शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है डॉ गंगेश दीक्षित को परिचितों एवं छात्रों ने बधाई दिया।




### आज के युवा अपनी संस्कृति और आत्मसात करे तो ही राष्ट्र कल्याण : संतोष तिवारी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के युवा संतोष तिवारी (राष्ट्रीय मंत्री 'यूथ फॉर नेशन') ने भुबनेश्वर ओडिशा में 14अप्रैल को राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं युवा संवाद में प्रतिभाग किया इस अवसर पर संतोष तिवारी ने भारतीय संस्कृति और आज का युवा विषय पर वक्तव्य प्रस्तुत किया। संतोष तिवारी ने वक्तव्य में कहा कि 'विश्व की प्राचीन एवं महान सभ्यताओं तथा संस्कृतियों में से एक भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं । अहिंसा परमो धर्म, सत्यमेव जयते, अतिथि देवो भव, वसुधैव कुटुंबकम आदि भारतीय संस्कृति के मूल वाक्य हैं। हमारे महापुरुषों एवं संस्कृति ने हमेशा अपने कल्याण से पहले परकल्याण की भावना को महत्व दिया। समाज कल्याण के लिए दधीचि द्वारा हड्डियां त्याग देना, राजा शुवि द्वारा कबूतर की रक्षा के लिए अपना मांस काटकर चढ़ा देना, कर्ण द्वारा अपना कवच कुण्डल इंद्र को दान कर देना, राजा हरिश्चंद्र द्वारा वचन पालन के लिये सर्वस्व बलिदान कर देना आदि उदाहरण भारतीय सभ्यता और संस्कृति की समृद्धि तथा महानता के उदाहरण हैं। आज फटी जींस, सिगरेट के धुएं का छल्ला बनाना, उल्टी टोपी, कान में बड़ी- बड़ी बाली, ऊंची एड़ी की सैंडिल, आंखों पर रंगीन चश्मा, शरीर को ढकते कम दिखाते ज्यादा उत्तेजक वस्त्र आदि आज के युवाओं की पहचान हो गई है । इससे हमारी संस्कृति छिड़ होती जा रही है और पाश्चात्य संस्कृति आज के युवाओं पर हावी हो रही है। क्या इससे हमारी संस्कृति बच पाएगी । हमें युवाओं को अपनी पुरानी संस्कृतियों एवं परंपराओं की अच्छाइयों को समझाना चाहिए और उन्हें उसको आत्मसात करने के लिए प्रेरित करना चाहिए । इस अवसर पर ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष डॉ सूर्य नारायण पात्रा जी, कालीकट विश्विद्यालय के कुलपति प्रो प्रफुल्ल कुमार मोहंती, कालाहांडी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय सत्यपति, यूथ फॉर संस्थापक एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ महेश शर्मा, ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष ममता बाजपेई, प्रदेश संयोजक सविता स्वाइन, पश्चिम बंगाल से मानवेंद्र शर्मा, भारत भूषण, राजस्थान से पंकज चतुवेर्दी, राजस्थान से हेमन्त शर्मा, दिल्ली से काशी पंडित , त्रिपुरा से तनुज शाह, आदि पूरे भारत से आये प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कंटेनर में लगी आग, हाई वोल्टेज से झुलसा ड्राइवर

**लेडियारी।** थाना खीरी क्षेत्र के पाल पट्टी ग्राम सभा के चंद्रोदया मोहल्ले में शुक्रवार को सुबह एक कंटेनर हाई वोल्टेज की चपेट में आ गई ।जिससे उसके टायर में आग लग गया। वहीं ड्राइवर झुलस गया। जिसे 108 नंबर की एंबुलेंस से ग्रामीणों की मदद से मेजा सीएससी इलाज हेतु पहुंचा दिया गया। मामले में खीरी थाना अध्यक्ष बैकुंठ नाथ पांडे ने बताया कि ड्राइवर का इलाज जारी है और ड्राइवर कंटेनर में अकेले ही जा रहा था बैक करते समय हाई वोल्टेज की चपेट में आ गया।

### सिंचाई के लिए लगी मोटर चोरी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** खेत में सिंचाई के लिए लगी मोटर को गांव के तीन युवक चोरी कर लिए। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम किरांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र लाला राम का आरोप है कि वह अपने खेत में सिंचाई के लिए मोटर लगाए हुए था। जिसे तीन युवकों ने चोरी कर लिए। पुलिस ने भोंदू ,विकास ,संजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शैक्षणिक संस्थानों में धूमधाम से बाबा साहब की मनाई गई जयंती



**अखंड भारत संदेस**

**करछना।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बृहस्पतिवार को राजनीतिक दलों सहित शिक्षण संस्थानों पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों की ओर से उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया गया । साथ ही साथ उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया । करछना के नेवादा व डाडो गांव की दलित बस्ती में स्थानीय भाजपाइयों की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मोर्चा के भाजपा यमुनापार जिला उपाध्यक्ष मुकुंद लाल सोनकर ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके उनके कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । प्रकाश बालिका इंटर कालेज डीहा में प्रबंधक डॉ विजय बाबू यादव व प्रधानाचार्य शिवेंद्र तिवारी की मौजूदगी में भारतीय संविधान निमार्ता व भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 131 वी जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जीएस अकैडमी धरवारा के प्रबंधक विनय कुमार सिंह बिन्नू की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के सहित बड़े धूमधाम से मनाई गई । राम अचल सिंह पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज मेदिनी सिंह का पूरा में विद्यालय के प्रबंधक रणविजय सिंह की ओर से संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई । इसी प्रकार बघेडा गांव स्थित राम निहोर के आवास पर संबंधित ग्राम प्रधान रामपति देवी पत्नी राजनाथ निषाद व समाजसेवी सुरेश सिंह की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई । और वक्ताओं की ओर से उनके कृतित्व व व्यक्तित्व प्रकाश डाला गया। इस मौके पर प्रमोद यादव आशीष पांडेय धर्मराज यादव मनीष यादव विजय राज अनिल बड़े बाबू संजय यादव नरेश कुमार सोनकर मिथिलेश कुमार पटेल श्यामलाल चौधरी लाल बहादुर चौधरी रविंद्र कुमार जैसल लल्लन प्रसाद कृष्णा कांत दीपक कुमार कोटार्य रामसागर राजेश कुमार शर्मा मथुरा प्रसाद साहू सुरेश कुमार इंद्रमणि शिव शंकर आदि लोग मौजूद रहे।

### संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मनाई गई जयंती एवम निकाले गए जुलूस

**सोरांव।** संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती सोरांव क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मनाई गई। जिसमें लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। तथा बाबा साहब से जुड़ी हुई बातों को जनता तक पहुंचाई। और बाबा साहेब के पद चिन्हों पर चलने की अपील की। वहीं शुक्रवार को संयोजक मंगलम गौतम के नेतृत्व में सेवैथ में बाबा साहब की प्रतिमा और ध्वज लेकर सैकड़ों की संख्या में लोग सेवैथ से गोहरी होते हुए हाजीगंज तक डीजे की धुन पर थिरकते हुए सैकड़ों गाड़ियों से भ्रमण किया। और लोगों को संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इतना ही नहीं चप्पे चप्पे पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस फोर्स भी लगी रही। लोगों ने बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। वहीं क्षेत्र के बुआपुर में भी एडवोकेट अनिल कुमार सक्सेना के नेतृत्व में एक विशाल रैली हुई। तथा सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र भ्रमण किए। इस मौके पर धीरज गौतम,प्रदीप कुमार गौतम,अनिल कुमार एडवोकेट, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस,लालता प्रसाद क्षेत्र पंचायत सदस्य, सुनील कुमार, राकेश कुमार नीरज कुमार, सुभाष कुमार, इकलेश चौधरी दरोगा भूपेंद्र कुमार यादव,दरोगा सौरभ पाण्डेय,आशुतोष सिंह,इकराम उल्ला खां कांस्टेबल सौरभ सिंह, मुकेश कुमार, कौशल कुमार,सुमित कुमार,संग होम गार्ड धर्मेंद्र पाण्डेय, शिव आसरे सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई अम्बेडकर जयंती

**सहसों।** क्षेत्र के कादीपुर गांव में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 131वीं जयंती गुरुवार को बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेविका पल्लवी परमार ने अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने संबोधन में कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर देश के संविधान निमार्ता, समाज के शुभचिंतक एवं दलितों के उत्थान में अपूर्णीय सहयोग देने का काम किया। उन्होंने कहा बाबा साहब अंबेडकर ने सामाजिक समरसता के पक्षधर रहते संविधान में समाज के हर वर्ग, हर धर्म के साथ सामाजिक न्याय का उल्लेख करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना किया। मौके पर उपस्थित. होकर ललित मास्टर, उदय राज प्रजापति, सांस्कृतिक कलाकार दीपचंद प्रजापति ने भी



डॉक्टर अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे। जयंती के अवसर पर प्रमुख रूप से लालता प्रसाद प्रजापति, श्यामलाल, महेंद्र भारतीय, महेंद्र गौतम, शिबू , प्रेमचंद भारतीय, केशव प्रसाद भारतीय, जवाहरलाल, देवराज, राकेश गौतम, रामखेलावन, संतोष कुमार गौतम, शिव कुमार गौतम, देवी शंकर प्रजापति, रामबहादुर, रमेश कुमार गौतम, बृजलाल व्यास, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य हेमराज सहित गांव के आदि लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### हाइटेंशन तार की चपेट में आने से ट्रक मे लगी आग, चालक गंभीर

**खीरी।** खीरी थाना अंतर्गत पालपट्टी गांव में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक कंटेनर ट्रक के टायरों मे आग लग गई, जिससे ड्राइवर करंट की चपेट में आने से झुलस गया. स्थानीय लोगों की मदद से चालक को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा भेजा गया. मिली जानकारी के अनुसार राहुल सिंह पुत्र मदन सिंह निवासी बसकुचला, गुडगाँव, हरियाणा कंटेनर ट्रक का चालक है और ट्रक मे सामान लादकर प्रयागराज से कपुरी जा रहा था कि जैसे ही वह मेजा तहसील के खीरी थाना क्षेत्र के पालपट्टी गांव के समीप पंहुचा ही था कि कंटेनर ट्रक हाइटेंशन तार की चपेट में आने से ट्रक के टायरों मे आग लग गई. और करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में आने से राहुल सिंह बुरी तरह से झुलस गया । स्थानीय लोगों की मदद से चालक को 108 एंबुलेंस से मेजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया ' वहीं प्राथमिक उपचार के बाद चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# एसटीएफ के हाथ लगा 25 हजार का इनामी अनीश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्पेशल टास्क फोर्स ने करेली बम कांड के अभियुक्त और 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश अनीश को शुक्रवार को डीएसए ग्राउंड के पास ओवरब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया है। अनीस ने 27 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव के दिन बम मारकर साइकिल से जा रहे अर्जुन कोल की हत्या कर दी थी। अभी से एसटीएफ व स्थानीय पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

**विधानसभा चुनाव के दिन बमकांड से फैल गई थी दहशत**

27 फरवरी 2022 को विधानसभा चुनाव के दिन करेली के एक बूथ के बाहर साइकिल से जा रहे अर्जुन कोल को बम मार दिया गया था। इसमें उसकी मौत हो गई थी। उसका दोस्त बाल-बाल बच गया था। इस बमकांड से सनसनी फैल गई थी।अनीस पुत्र जुम्मन उर्फ जफीर अहमद, निवासी 105/88 पुरा मनोहरदास अकबरपुर, थाना करैली, प्रयागराज के खिलाफ करैली थाने में मुकदमा संख्या 58/2022 धारा-302, 120बी, 34 भादवि व 7 सीएलए एक्ट व 4/5 विस्फोटक पदार्थ



अधिनियम व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसपर 25,000 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया था।

**एसटीएफ को मुखबिर से मिली जानकारी**

एसटीएफ की प्रयागराज फील्ड इकाई को मुखबिर से जानकारी मिली कि करैली बम कांड में वांछित व 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश लूकरगंज के रास्ते होते हुए रेलवे स्टेशन की तरफ आ रहा है, जो कहीं बाहर भागने की फिराक में है।सक्रिय होकर एसआई वेद प्रकाश पांडेय, अनिल कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी चंदन भारती, आरक्षी पंकज तिवारी, उदय प्रताप सिंह व मुख्य आरक्षी चालक मुजीबुल रहमान की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर अभियुक्त अनीस को डीएसए ग्राउण्ड के सामने ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल व 520 रुपये प्राप्त हुए हैं।

**बूथ को बनाया था निशाना, बम गिर गया अर्जुन कोल पर**

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त अनीस ने बताया कि 27 फरवरी को प्रयागराज में विधानसभा-2022 का चुनाव हो रहा था। उसी दौरान चुनाव में आम जनमानस में दहशत फैलाने व डर का माहौल पैदा करने के इरादे से गौसनगर मुहल्ला, 60 फीट रोड करैली में कब्रिस्तान के अन्दर से मैंने अपने साथियों साफिल, राशिद उर्फ टून्डी, सरफराज, दानिश और फैज के साथ मिलकर नजदीकी बूथ को निशाना बनाकर बम फेंका था।फेंका गया बम नजदीकी बूथ पर न गिरकर रास्ते में साइकिल से जा रहे अर्जुन कोल के ऊपर गिर गया। बम लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी थी। घटना को अंजाम देने के बाद मैं अपने साथियों सहित फरार होकर पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपकर रह रहा था।

### हाईकोर्ट के आदेश के 11 साल बाद अध्यापक की बर्खास्तगी पर रोक, राज्य सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा महाराजगंज के अध्यापक गोविंद प्रसाद द्विवेदी की सेवा समाप्ति आदेश पर रोक लगा दी है। साथ ही याची अध्यापक को कार्य करने देने तथा वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार सहित विपक्षियों से चार हफ्ते में जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई जुलाई 2022 में होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने गोविंद प्रसाद द्विवेदी की याचिका पर दिया है।

### हाई कोर्ट के आदेश के 11 साल बाद सेवा समाप्ति पर उठाया सवाल

याची का कहना है कि उसे नियुक्ति से 22 साल बाद बर्खास्त कर दिया गया है। राष्ट्रीय पत्राचार संस्थान कानपुर की शिक्षा अलंकार डिग्री को हाईकोर्ट ने विनोद कुमार उपाध्याय केस में 2011 में अमान्य घोषित कर इस डिग्री के आधार पर नियुक्त सभी अध्यापकों को हटाने का निर्देश दिया था। इसी आदेश के आधार पर 22 साल पहले नियुक्त याची की सेवा समाप्त कर दी गई। शिक्षा निदेशक ने वजह नहीं बताई कि सेवा समाप्त करने में 11 साल क्यों लगे। सेवा समाप्ति आदेश 9 फरवरी 2022 की वैधता को चुनौती दी गई है। याची का कहना है कि वह नियमित कर दिया गया है। उसे इंटर मीडिएट एक्ट की धारा 16ई (10 )के तहत बर्खास्त किया गया है। आशा सक्सेना केस में पूर्णपीठ ने अपने फैसले में कहा है कि उचित समयावधि में आदेश दिया जाना चाहिए। शिक्षा निदेशक ने नहीं बताया कि समय रहते आदेश क्यों नहीं दिया।

## बड़े हनुमान मंदिर से सेवादार की लाइसेंसी पिस्टल चोरी

**प्रयागराज।** दारागंज स्थित बड़े हनुमान मंदिर से लाइसेंसी पिस्टल चोरी होने का मामला सामने आया है। रात में आलमारी का ताला तोड़कर चोरों ने न सिर्फ पिस्टल बल्कि सात हजार नकदी भी उड़ा दी। भुक्तभोगी शिवेक कुमार मिश्रा ने दारागंज थाने में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। लेकिन पुलिस अब तक चोर का सुराग नहीं हासिल कर पाई है।शिवेक ने बताया कि वह बाघंबरी मठ में बतौर शिष्य रहते हैं और बंधवा स्थित बड़े हनुमान मंदिर परिसर में लड्डू की दुकान भी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास लाइसेंसी पिस्टल है। 11 अप्रैल की रात वह पिस्टल मंदिर परिसर में ही बने कमरे में रखी आलमारी में रख दी थी। साथ ही सात हजार नकद भी रखे थे। 12 अप्रैल की सुबह वह मंदिर पहुंचे तो देखा कि कमरे की खिड़की टूटी थी।भीतर जाने पर पता चला कि आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था और पिस्टल व नकदी गायब थी। चोरी की घटना से मंदिर परिसर में हड़कंप मच गया। बहुत खोजबीन की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने दारागंज थाने में लिखित शिकायत की। इसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली। लेकिन तीन दिन बाद भी पुलिस चोरी गई पिस्टल बरामद नहीं कर सकी। दारागंज पुलिस का कहना है कि चोर की तलाश की जा रही है।

**आए दिन होती है चेन चोरी की घटनाएं**

बड़े हनुमान मंदिर परिसर में चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं। हाल ही में कई श्रद्धालुओं की सोने की चेन चोरी होने की घटनाएं हुई हैं। कुछ मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट भी दर्ज की। लेकिन चोरों का अब तक सुराग नहीं मिल सका। यह घटनाएं ज्यादातर मंगलवार और शनिवार को होती हैं और यह हाल तब है जब इस दिन विशेष रूप से पुलिसकर्मियों की तैनाती मंदिर परिसर में होती है।

## यमुनापार मे तालाबों की चोरी से गहराता जल संकट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** यमुनापार के कोरांव ब्लॉक स्थित बड़ोखर गांव जहां भूलेखों में 58 तालाब दर्ज है परन्तु वर्तमान मे लगभग दर्जन भर ही नजर आते है। बता दे कि गिरते जलस्तर से उत्पन्न जलसंकट यमुनापार की सबसे बड़ी समस्या है। गर्मियों में यह संकट आपदा बन जाती है। पीने के पानी के लिए महिलाओं को कोशो दूर जाना पड़ता है। जलसंकट की वजह से कृषि कार्य व पशुपालन भी प्रभावित होता है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण बड़ोखर में जलस्तर काफी नीचे है, जिस कारण जल समस्या के निदान के लिए भूमिगत जल का उपयोग नहीं हो पाता। ऐसी ही समस्या और क्षेत्र में पानी के समाधान को लेकर क्षेत्र मे सैकड़ों वर्ष पूर्व भर राजाओं तथा बाद मे बड़ोखर राजघराने द्वारा बड़े पैमाने पर तालाबो की खुदाई कराई थी। इन्ही जलाशयों मे वर्षा का अथाह जल संग्रह हो जाया करता था जिससे भूजल स्तर बना रहता था। इस क्षेत्र की कृषि प्राकृतिक वर्षा पर ही निर्भर रही है। वर्तमान मे राजस्व भूलेखो के अनुसार 43.6800 हेक्टेयर भूमि पर 58 तालाब दर्ज है जिसे बीघे में देखा जाये तो लगभग 172 बीघा भूमि पर यह तालाब खोदे गये थे।अतिक्रमण व अवैध कब्जो से ये तालाब अस्तित्व विहीन हो गये तथा बचे खुचे तालाब गहरीकरण के अभाव व वर्षो से तली मे जम रहे सिल्ट के कारण सूख जा रहे है। यमुनापार विकास समिति ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मांग किया है कि इन तालाबो को कब्जा मुक्त कराकर गहरीकरण करा दिया जाये जिससे क्षेत्र में उत्पन्न पेयजल संकट से निजात मिल सकता है। समिति के महामंत्री सुरेश कुशवाहा के अनुसार यदि जलस्तर मे सुधार हो जाय तो पेयजल संकट दूर होने के साथ ही मछली पालन व सब्जियों की खेती से रोजगार के पर्याप्त अवसर भी मिल सकेगें।

**बड़ोखर के भूलेख मे दर्ज 58 तालाबो की कब होगी खोज**

## यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित

अखंड भारत संदेश

**यीशु मसीह द्वारा क्रूस पर बोले गये सात वचनों को जीवंत किया गया**

**नैनी।** शुआट्स के यीशु दरबार चर्च में गुड फ्राइडे (शुभ शुक्रवार) के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गयी जिसमें प्रभु यीशु मसीह के क्रूस पर बोले गए सात वचनों को जीवंत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं द्वारा यीशु मसीह के सातों वचनों को बताया गया। कार्यक्रम का सोशल मीडिया यू-ट्यूब पर लाईव प्रसारण किया गया।पहला वचन हे पिता इन्हें क्षमा कर...के बारे में स्वीडन से आये रेव्ह. थेमस लॉहटी ने बताया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने सदैव अच्छे कार्य किये, लोगों की मदद की, हर तरह के लोगों को कष्ट से छुटकारा दिलाया। क्रूस पर चढ़ाये जाने के बाद भी परमेश्वर से मानव जाति को क्षमा करने की प्रार्थना की।

प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो0 रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट ने दूसरा वचन आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा...को बताते हुए कहा कि वचन के अनुसार यदि आप प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करेंगे तो आपको अनन्त जीवन प्राप्त होगा। संयुक्त निदेशक (एचआरएम) इंजी. अभिलाषा ए. लाल ने



गुड फ्राइडे विशेष प्रार्थना में बोलते कुलपति

तीसरा वचन हे नारी ये तेरा पुत्र है....के बारे में सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार यीशु मसीह ने सांसारिक और आत्मिक जिम्मेदरी को पूरा किया। हमें भी इस संसार में प्रभु की बताई आज्ञाओं का पालन करना चाहिये, अपने माता-पिता का आदर करना चाहिये। चौथा वचन एली एली लामा शबक्तनी यीशु दरबार चर्च की उपाध्यक्षा एवं निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल द्वारा सुनाया गया। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने संसार के मनुष्यों के पापों को अपने ऊपर ले लिया ताकि मनुष्य परमेश्वर पर विश्वास करे और पापी न ठहर सके। हमें परमेश्वर की आज्ञा को अपने जीवन में पहला स्थान देना चाहिये। मणिपुर से आये पास्टर लालचुंग नुंग गांगटे ने पांचवां वचन मैं प्यासा हूँ..के बारे में बताते हुए कहा कि सृष्टिकर्ता मनुष्य रूप में हमारे बीच आया, हमारे पापों के लिये उसने यातनायें झेलीं वो हमें छुटकारा देने के लिये आये।छठा वचन पूरा हुआ को डा. सुधा लाल ने बताया। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने पृथ्वी पर मनुष्यों के उद्धार का कार्य पूरा किया। उन्होंने मनुष्यों को शिक्षा दी कि वे एक-दूसरे से प्रेम रखें, सच्चाई के मार्ग पर चलें, पाप न करें और अनन्त जीवन में प्रवेश करें।कुलपति एवं यीशु दरबार चर्च के बिशप मोस्ट रेव्ह. प्रो0 राजेन्द्र बी. लाल ने सातवां वचन सुनाते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने छः वचनों के द्वारा एक नई सृष्टि का निर्माण किया। उन्होंने परमेश्वर द्वारा सौंपे गये सभी कार्यों को पूरा किया। सातवें वचन में कहा कि हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथ में सौंपता हूँ। उन्होंने कहा कि परमेश्वर ने मनुष्य को अपने स्वरूप में बनाया जिन्होंने ताकि प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करके मनुष्यों को परमेश्वर की संतान होने की आशीष प्राप्त हो सके। रेव्ह. डेविड फिलिप्स ने पुनरूत्थान दिवस के बारे बताया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने पाप और विजय पर मृत्यु प्राप्त की।रीना हारूल ने मसीही गीत ह्यवो सबके गुनाह का बोझ उठाकर लिये जा रहा हैह्ल की प्रस्तुति दी। यीशु दरबार चर्च की महिलाओं द्वारा मसीही भजन ह्यऐ मेरे खुदा क्यूं तूने मुझको छोड़ दियाह्ल एवं ह्यपूरा हुआह्ल की प्रस्तुति दी। मर्सी ने मसीही गीत ह्यमेरे पाप धुल सकेंगेह्ल की प्रस्तुति दी एवं हंसराज यादव ने भी मसीही भजन गाया। रेहाना ने बिशप प्रो. राजेन्द्र बी. लाल द्वारा रचित भजन ह्ययीशु तुझे पुकारेह्ल गीत की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो. ए.के.ए. लॉरेन्स, प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. एस.बी. लाल, कुलसचिव प्रो. रॉबिन एल. प्रसाद, निदेशक प्रशासन विनोद बी. लाल, निदेशक आईपीसी प्रो. जोनाथन ए. लाल सहित शुआट्स के अधिकारीगण, कर्मचारी गण एवं यीशु दरबार चर्च के सदस्य उपस्थित रहे।

## आशा बहुओं ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** ब्लाक भगवतपुर में अपनी(5) सूत्रीय मांगों को लेकर आशा बहुओं ने धरना प्रदर्शन किया।आशा संगठन की बैठक श्री मती पुष्पा तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती पूनम पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीमती रेनूराज व नेहाबाकसी व ब्लाक अध्यक्ष श्रीमती आरती सिंह।मंच संचालक संतोष पाण्डेय जी के द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता श्रीमती सरोज मौर्य, श्रीमती रूपाली श्रीवास्तव, श्रीमती राजेश्वरी निषाद, श्रीमती रंजना, श्रीमती ललिता देवी व श्रीमती धरमकली, श्रीमती माया व श्रीमती मिथलेश सिंह व श्रीमती रेखा मौर्य इत्यादि काफी संख्या में आशा कार्यकर्ता मौजूद थी। आशा संगठन की तरफ से आशा बहुओं ने शासन से अपनी मांगों को रखा।दूरप्तदूर से आयी सभी आशा बहुओं की शासन से(5) सूत्रीय मांग। आशा कार्यकर्ता को बराबर मानदेय दिया जाऐ।, राज्य कर्मचारी का? दर्जा दिया जाए र8 घंटे की ड्यूटी दी जाए। ,बीमा योजना दिया जाए। आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया जाए। अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानतीहै तो हम सभी आशा कार्यकर्ता विशाल आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## वर्दी न पहनने वाले चालक एवं परिचालकों पर होगी कार्रवाई

**परिवहन मंत्री की सख्ती के बाद एक्शन में अधिकारी**

**प्रयागराज।** यूपी रोडवेज की बसों में बिना वर्दी पहनने वाले चालक एवं परिचालकों के खिलाफ अब कार्रवाई होगी। रोडवेज के अफसर ही इसकी निगरानी करेंगे। इस दौरान चालक और परिचालक अगर बिना वर्दी के पाए गए तो उनसे 50 रुपये का जुमार्ना लिया जाएगा। दोबारा बिना वर्दी के पाए जाने पर 250 और तीसरी बार भी ऐसा होने पर उनसे 500 रुपये का जुमार्ना वसूला जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस बिसेन ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।दरअसल सोमवार 11 मार्च को प्रयागराज-वाराणसी मार्ग के औराई में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रयागराज रीजन की एक अनुबंधित बस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बस में चालक एवं परिचालक के वर्दी में न होने से उन्होंने नाराजगी जताई थी। परिवहन मंत्री द्वारा नाराजगी जताए जाने के बाद रोडवेज प्रशासन भी अब एक्शन में आ गया है।

### तीसरी बार देना होगा पांच सौ रुपये जुर्माना

प्रयागराज रीजन ने चालक परिचालक के साथ ही कार्यशाला में काम करने वाले कर्मचारियों से भी वर्दी पहनने को कहा है। इसके अलावा फील्ड एवं कार्यालय में कार्य करने वाले विभिन्न संवर्ग एवं प्रवर्तन कार्मिकों के लिए भी ड्रेस अनिवार्य कर दी गई है। क्षेत्रीय प्रबंधक टीकेएस बिसेन के अनुसार कार्यशाला कार्मिक अगर वर्दी में नहीं है उनसे पहली बार 30, दूसरी बार 100 और तीसरी बार 250 रुपये, प्रवर्तन कार्मिकों को पहली बार 150, दूसरी बार 300 और तीसरी बार 500 रुपये का जुमार्ना देना होगा। इसके अलावा फील्ड एवं कार्यालय में कार्य करने वाले विभिन्न संवर्ग के कर्मचारियों को अपने नाम की एक पट्टिका लगानी होगी। इसकी साइज एक गुणे तीन इंच की होनी चाहिए। सत्यापन के दौरान पहली बार पट्टिका न मिलने पर 100 रुपये, दूसरी बार में 200 और तीसरी बार में जुमार्ने की राशि 300 रुपये कर दी जाएगी।

## अधिशासी अभियंता की पिटाई के चश्मदीद एई समेत छह कर्मियों के बयान दर्ज

**प्रयागराज।** एक्सईएन-एमएलसी मारपीट प्रकरण में पुलिस ने घटना के समय मौजूद सहायक अभियंता राजस्व समेत छह बिजली कर्मियों के बयान दर्ज किए। इस दौरान एक्सईएन पर हुए हमले के चश्मदीदों से करीब चार घंटे तक पूछताछ की गई। हालांकि घटना के समय छीन कर तोड़े गए मोबाइलों से अभी तक वीडियो रिकार्डिंग की रिकवरी नहीं की जा सकी है। ऐसे में मारपीट के साक्ष्य न मिलने से पुलिस पसोपेश में है। एक्सईएन की पिटाई के चार दिन बाद पुलिस बिजली विभाग के टैगोर टाउन डिवीजन कार्यालय पहुंची। इस दौरान पुलिस ने घटना के समय मौजूद रहे अधिकारियों, कर्मचारियों से पूछताछ की। दिन के करीब एक बजे एक्सईएन मनोज कुमार के दफ्तर में सहायक अभियंता राजस्व (एईआर) अंकित सिंह से सबसे पहले पूछताछ की गई। इनके बाद लिपिक अजय, गीता देवी, अखिलेश शर्मा, आयुष कुमार और मेजर शर्मा से पूछताछ की गई।

**कुर्सी से खींचकर बाहर ले गए थे हमलावर**

इनके अलावा घटना के समय मौजूद रहने वाले कर्मचारियों में सहायक लिपिक रजनी केशरवानी नहीं मिलीं। उनके बारे में बताया गया कि मारपीट की घटना वाले दिन के बाद उनके मोबाइल पर कुछ लोगों के फोन आने के बाद वह अवकाश पर चली गई हैं। इस दौरान घटना के चश्मदीद कर्मचारियों से पुलिस ने अलग-अलग पूछताछ की। पुलिस के सामने लिपिक और अन्य कर्मियों ने बताया कि एमएलसी सुरेंद्र चौधरी उस समय करीब 15 से अधिक समर्थकों के साथ दफ्तर में पहुंचे थे।उन्होंने उस समय एक्सईएन को कुर्सी से खींच लिया और बाहर अपनी गाड़ी में ले जाने लगे। जब उनको रोकने की कोशिश की गई तब उन्होंने कर्मियों के साथ भी दुर्व्यवहार किया और मारपीट की। इस दौरान जिन कर्मियों के मोबाइल से रिकार्डिंग की जा रही थी, उनके फोन भी छीन कर तोड़ डाले गए। उन कर्मियों के मोबाइल से अभी तक वीडियो रिकार्डिंग की रिकवरी नहीं की जा सकी है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत वेदों विकास खण्ड करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **वेदों** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 16-04-2022 से दिनांक 22-04-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **वेदों** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 24-04-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 24-04-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | छोटे के घर के पास से पीपल के पास तक पक्की नाली एवं इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 2. | जौहरी के घर से राजा के घर तक इण्टरलाकिंग एवं पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.50 लाख | 2 माह |
| 3. | मंदिर से बाबूलाल के घर तक इण्टरलाकिंग एवं पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.00 लाख | 2 माह |
| 4. | भिटरिया मार्ग से ननकू के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 5.00 लाख | 2 माह |
| 5. | आर.सी.सी. रोड से यादव बस्ती तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.00 लाख | 2 माह |

संगीता देवी<br>ग्राम प्रधान<br>ग्राम पंचायत वेदों<br>वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक


शिव ओम चौधरी<br>ग्राम विकास अधिकारी<br>ग्राम पंचायत वेदों<br>वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## नई पीढ़ी को खूब भा रहा अंकित मौर्य का भटका मुसाफिर किताब

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ सिटी के रहने वाले अंकित मौर्य फिलहाल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एवं तैयारी करनेवाले छात्रों के बीच काफी चर्चे में चल रहे हैं अपनी डेब्यू किताब भटका मुसाफिर को लेके। नये जमाने के लेखक अंकित मौर्य फिलहाल अहमदाबाद (गुजरात) में स्थायी है और सिविल इंजीनियर है। लेखन में रुचि होने से उन्होंने अपनी लेखन कला को मजबूत किया और फरवरी-2022 में अपनी पहली किताब लोंच की जो की युवाओं के बीच ,अपने घर से दुर रहनेवाले एवं तैयारी करनेवाले छात्रों के बीच काफी तारीफें बटोर रही है। दिल्ली , कोटा , लखनऊ , एवं प्रयागराज के युवा इस किताब के कहानी संग्रह को काफी पसंद कर रहे हैं यह किताब हिंदी में है और एमेजोन एवं फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध है। किताब के बारे में बात करते हुए अंकितजी ने बताया भटका मुसाफिर कुछ एसी कहानीयों का सिलसिला है जो आपको नये तरीके से सोचने पर बेताब करता है।






अक्सर बनी-बनाई कहानीयां आपको असल दुनिया से दुर ले जाती है मगर भटका मुसाफिर आपको यहां वहां भटकाये बीना सही राह पर , सही सोच के साथ ले जाने का प्रयास करेगी। भटका मुसाफिर आपको ज्ञान , सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समझ एक साथ देगा। इसमें लिखी कहानियां हमारी असल दुनिया की है मगर हमारी सोच के पैमाने से काफी अलग है। अक्सर सही राह पर चलते कठीनाई बहोत होती है मगर कहते हैं ना के जिनके हौसलों में दम होता है उनके सामने पर्वत भी छोटा पड जाता है हमारी दुनिया में कई ऐसी दुनियांये है जिनसे हम अंजान है उस अंजान दुनिया को जानने की तरफ बढ़ा पहला कदम मतलब

**भटका मुसाफिर -अंकित मौर्य**

# शराब माफिया गुड्डू सिंह की सात करोड़ की सम्पत्ति कुर्क

## हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर में भारी पुलिस बल ने पहुंचकर की कार्यवाही, कुण्डा तहसील के बलीपुर व लखनऊ में बने हैं आलीशान मकान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** शराब माफिया गुड्डू सिंह पर आज शुक्रवार को शासन-प्रशासन ने बड़ी कार्यवाई करते हुए सात करोड़ कीमत की चल अचल संपत्तियों की जब्तीकरण की कार्यवाही शुरू की। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने 13 अप्रैल को कार्यवाही का आदेश दिया था, जिस पर पुलिस ने कुण्डा तहसील के हथिगवां थाना खेत्र के बलीपुर में भारी फोर्स पहुंचकर आलीशान मकान, फार्च्यूनर गाड़ी सहित अनेक कीमती सामानों को जब्त कर लिया जिसकी कीमत लगभग सात करोड़ आंकी जा रही है। शराब माफिया संजय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह इन दिनों जेल में है। पिछले दिनों बड़ी मात्रा में उसके गोदाम से शराब बरामद हुई थी। इस पर हत्या, गैंगस्टर व आबकारी एक्ट के मामले दर्ज हैं। शासन प्रशासन ने इस पर कार्यवाही कर शराब माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। बताया जाता है कि लखनऊ के साउथ सिटी में भी इसका आलीशान मकान है। पुलिस इसकी अपराधिक मामलों से अर्जित सम्पत्तियों को जब्त करने की कार्यवाही कर रही है।

अपर पुलिस अधीक्षक रोजिहत मिश्र, उपजिलाधिकारी कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी व सी ओ एवं कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को संजय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी बलीपुर थाना हथिगवां, प्रतापगढ़ द्वारा आपराधिक कृत्यों से अर्जित की गयी चल अचल सम्पत्ति की कुर्की मु0अ0सं0 201/2021 अंतर्गत धारा- 2 व 3 उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 थाना कुंडा जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित गैंग लीडर संजय प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह पुत्र हरी सिंह निवासी बलीपुर थाना हथिगवा प्रतापगढ़ द्वारा वर्ष 2004 से हत्या, फिरौती, डकैती, कूट रचना और मानव शरीर के लिए अपायकर अपमिश्रित शराब का विक्रय करने जैसे आपराधिक एंव जघन्य



शराब माफिया गुड्डू सिंह के मकान पर कुर्की की कार्यवाही करती पुलिस।

अपराधो में लिप्त होकर में अवैध तरीके से अर्जित की गई चल-अचल संपत्ति को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी व क्षेत्राधिकारी कुंडा, प्रभारी निरीक्षक कुण्डा और मानिकपुर द्वारा हिस्ट्रीशीटर/गैगेस्टर अभियुक्त संजय प्रताप सिंह की कुल सात करोड़ करोड़ से अधिक की संपत्ति को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 की धारा-14(1) के अन्तर्गत कुर्क करने के प्रेषित रिपोर्ट के क्रम में जिला मजिस्ट्रेट प्रतापगढ़ द्वारा दिनांक 12 अप्रैल, 2022 को आदेशित किया गया, जिसके अनुपालन में 15 अप्रैल, 2022 को उपजिला मजिस्ट्रेट कुंडा, क्षेत्राधिकारी कुंडा के नेतृत्व में व सर्किल कुण्डा, पुलिस द्वारा चिन्हित संपत्ति को कुर्क किया गया। जिसमे एक गाडी फार्चूनर कीमत 32 लाख, लखनऊ रायबरेली रोड साउथ सिटी में मकान स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 95 लाख, ग्राम बलीपुर हथिगवां में आबादी श्रेणी में भवन की कीमत 26131005 रु0, कबरियागंज कस्बा में आलीशान मकान स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 17795133 रु0, गाटा संख्या 793 कस्बा कुण्डा, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 2141000 रु0, गाटा संख्या 793 कुण्डा स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 1505000 रु0, गाटा संख्या-892 कुण्डा, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 728000 रु0, गाटा संख्या 1379 स्थित मोहद्दीनगर उपरहार स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 821000 रु0, गाटा संख्या-163 मोहद्दीनगर कछार, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 1062000 रु0, गाटा संख्या-851 मोहद्दीनगर उपरहार, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 768000 रु0, गाटा संख्या- 557 मोहद्दीनगर उपरहार, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 1277000 रु0, गाटा संख्या 671 मोहद्दीनगर कछार, स्वामी पूजी सिंह पत्नी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 4807000 रु0, गाटा संख्या 162 मोहद्दीनगर कछार, स्वामी गुड्डू सिंह उर्फ संजय सिंह 1311000 रु0 अनुमानित सम्पति की कुर्की की गई। अभियुक्त थाना हथिगवा प्रतापगढ़ के विरूद्ध, कुल 15 जघंन्य श्रेणी के अपराध विचाराधीन न्यायालय में है जो गैग संख्या डी-77, जनपद प्रतापगढ़ का सक्रिय सदस्य है तथा थाना हथिगवां का बी-श्रेणी का मजारिया हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस की इस बडी कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है।

## लांयस इंटरनेशनल के थ्री टू वन ई के गवर्नर बने सौरभ कान्त

### लायंस क्लब गौरव, हर्ष, शक्ति ने दी बधाई

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट थ्री टू वन ई के गवर्नर सी ए सौरव कान्त के निर्वाचित होने पर प्रतापगढ़ स्थित लॉयन्स क्लब गौरव, हर्ष, शक्ति एवं अवध के सदस्यों में हर्षातिरेक का माहौल है। डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉक्टर पीयूष कांत शर्मा ने कहा कि सौरव कान्त जैसे योग्य एवं अनुभवी गवर्नर के नेतृत्व में 26 जिलों के 3000 लायन वाला यह डिस्ट्रिक्ट सेवा एवं नेतृत्व के क्षेत्र में नए प्रतिमान गढ़ेगा।

सौरव कान्त लॉयन्स ट्रेनिंग की श्रेष्ठ डिग्री एफ डी आइ ग्रेजुएट हैं जिसका लाभ डिस्ट्रिक्ट को मिलेगा। डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन संतोष भगवान ने कहा कि सौरभ कान्त सेवा भाव के धनी हैं उन्होने वॉटर कूलर इंस्टॉलेशन, फैशन डिजाइनिंग सेंटर, नेत्रदान केंद्र नेत्र शल्य चिकित्सा जैसे महत्त्वपूर्ण सेवा प्रोजेक्ट्स को अंजाम दिया है, इससे इस सत्र में सेवा के स्थाई प्रोजेक्ट्स की लायंस इंटरनेशनल से प्राप्ति की भावना बलवती होती है। रीजन चेयर पर्सन पुष्पांजलि शुक्ला ने कहा कि सौरभ कान्त मधुर एवं सौम्य व्यक्तित्व के धनी है। आने वाला सत्र उनके नेतृत्व में नयी ऊँचाइयाँ प्राप्त करेगा।जोन चेयरपर्सन क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा कि



सौरभ कान्त।

सौरभ कांत को लॉयनिजम विरासत में मिला है वह योग्य पिता की सुयोग्य संतान हैं। सौरभ कान्त के पिता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव ख्यातिलब्ध अधिवक्ता हैं। साथ ही वो इस डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर भी रह चुके हैं।योग्य पिता के मार्गदर्शन से डिस्ट्रिक्ट की उपलब्धि में वृद्धि होगी। इसके साथ लायंस क्लब के डॉक्टर ब्रजभानु सिंह राकेश शुक्ला संजीव आहुजा शिशिर खरे सतीश शर्मा आलोक सिंह अमितेंद्र श्रीवास्तव कंचन सिंह स्मृति सिंह अश्विनी सिंह मनीष केसरवानी अजय श्रीवास्तव लक्ष्मी मिश्रा गीता मिश्रा अमित पाण्डेय संतोष पाण्डे अमोलक सिंह पंकज मिश्रा अनीता पाण्डेय राजेन्द्र शुक्ला आदि सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## गेंहू काटने वाली मशीन से छुआ हाईटेंशन तार, गेंहू की फसल जलकर हुई खाक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गेहूं काटने जा रही मशीन अचानक सड़क के किनारे गुजरे हाईटेंशन तार को छू गई, जिससे हाईटेंशन तार टूटकर नीचे गिर गया। थोड़ी देर में हाईटेंशन तार से निकली हुई चिंगारी से सड़क के किनारे गेहूं की फसल में आग लग गई और धू-धू कर जलने लगी। मौजूद लोगों के शोर मचाने पर आये लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पट्टी तहसील क्षेत्र के सिरनाथपुर सोनबरसा गांव में एक गेहूं काटने की बड़ी मशीन आई हुई थी। शुक्रवार की दोपहर लगभग 11रू00 बजे मशीन गेहूं काटने के लिए सड़क के किनारे जा रही थी। गेहूं की मशीन की ऊंचाई अधिक होने से कारण 11000 वोल्टेज की हाईटेंशन तार में से छू गई जिससे तार टूट कर नीचे गिर गया। गनीमत यह रहा कि मशीन में बैठा हुआ ड्राइवर इससे हताहत नहीं हुआ। मशीन आगे निकली तो टूटे हुए तार से चिंगारी निकली और बगल में सोनबरसा सिरनाथपुर गांव के रहने वाले संतोष उपाध्याय के खेत में आग लग गई। हवा का बहाव अधिक होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। शोर-शराबा करने पर वहां सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए और बाल्टी से पानी भर भर कर गेहूं की फसल पर डालने लगे।


## होली होजरी चर्च में भक्तिपूर्वक मनाया गया गुड फ्राइडे

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दहिलामऊ स्थित होली होजरी चर्च में गुड फ्राइडे का पर्व इसाई समुदाय द्वारा भक्तिपूर्वक मनाया गया। बता दें कि गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशू की मृत्यु मानव जाति के उद्धार के लिये क्रूस पर हुई थी। इस दिन प्रभु यीशू ने समस्त मानव जाति के पापों को अपने ऊपर लेते हुए अपनी जान दे दी थी।

शुक्रवार की सुबह छह बजे गिरजाघरों में प्रार्थना की गई। शाम तीन बजे इसाई समुदाय के विश्वासी क्रिश्चियन कालोनी मं एकत्र हुए। इस दौरान क्रूस पथ की भक्ति की हृदय विदारक झांकी

### शहर में निकाली गई हृदय विदारक झांकी



शहर में झांकी निकालते इसाई समुदाय के लोग।

क्रिश्चियन कालोनी से होते हुए संत फांसिस स्कूल, अम्बेडकर चैराहा, संत अंथोनी स्कूल, संत जोसेफ स्कूल से होली रोजरी चर्च में समाप्त हुई। इसके बाद महाप्रार्थनाएं हुई जिसमें विश्व शांति, मानव एकता, भारत देश, देश के नेताओं, शांति सद्भाव आदि के लिये विशेष प्रार्थना की गई। इस दौरान फादर ग्रेगरी डिसूजा, फादर आनंद केवी जान व निशांत डिसूजा ने प्रभु यीशू के दुखभोग की पूरी घटना को पढ़कर सुनाया। इस अवसर पर संत अंथोनी छात्रावास के छात्र, संत फांसिस कान्वेन्ट स्कूल, संत अंथोनी इंटर कालेज, संत जोसेफ स्कूल, संत कोलम्बस स्कूल, लूर्ड मेरी जूनियर हाईस्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं, कनोसा अस्पताल के स्टाफ व नर्स मौजूद रहीं। यह जानकारी होली होजरी चर्च की डा0 प्रशोभ पौल डिसूजा ने दी।

## एक ही गॉव कौशिल्यापुर में चल रही है तीन आरा मशीनें

**लालगंज, प्रतापगढ़।** वन विभाग की मेहरबानी के चलते क्षेत्र में लगभग दर्जन भर आरा मशीनों का संचालन विना लाससेंस के ही हो रहा है। यही नहीं अधिकतर वैध आरा मशीनें भी विभागीय नियमों को दर किनार कर संचालित हो रही है। इस दशा में पर्यावरण को कैसे सुरक्षित किया जा सकता है। स्थानीय वन रेन्ज के अन्तर्गत लगभग दर्जन भर आरा मशीनें संचालित हो रही है। इनके पास लाइसेंस नही है। यह आरा मशीने खुले आम प्रतिबंधित हरी लकड़ियों का चिरान करती है। क्षेत्र के एक ही गाँव कौशिल्यापुर में तो चार आरा मशीनें है जिसमें तीन विना लाइसेंस के ही धडल्ले से चल रही है। वन विभाग को अवैध आरा मशीनों के विषय में जानकारी नही है या फिर वन माफियाओं के कारनामों को नजर अंदाज कर रहा है। क्षेत्र के लोगो का आरोप है कि मामले की शिकायत कई बार विभाग के लोगों से की गई लेकिन कार्रवाई क्या होती है इसकी जानकारी तो नही हो पाती लेकिन इन मशीनों का संचालन कभी बंद नही हुआ है।यही नही क्षेत्र में जो वैध आरामशीने है यदि उन पर नजर डालें तो उसमे तो कुछ वैध होते हुए भी विभागीय मानको पर संचालित न होने के कारण अवैध ही कही जा सकती है। क्षेत्र के उदयपुर व सांगीपुर स्थित आरा मशीनों पर प्रतिबंधित हरी लकड़ियों का चिरान होता रहा तो पर्यावरण की सुरक्षा कैसे संभव है।क्षेत्र के पर्यावरण सेना के लोगों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कार्रवाई की माँग की है। आखिर वन माफिया कब तक दूसरों को प्राण देने वाले वृक्षों पर कुल्हाड़ियों से प्रहार करते रहेंगे।

**क्या कहते है अधिकारी?**
**लालगंज, प्रतापगढ़। इस बारे में पूछने पर वन दरोगा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि कौशिल्यापुर में एक आरा मशीन का लाइसेस है। बाकी तीन की जानकारी नहीं है यदि ऐसा है तो जाँच कर कार्रवाई की जायगी।**

## आरोपियों ने रंजिश में परिवार के आधा दर्जन लोगों को पीटा

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। जमीनी रंजिश को लेकर ग्राम प्रधान के पक्ष के आरोपियों ने एक कुनबे के आधा दर्जन से अधिक लोगों को पीटकर जख्मी कर दिया। सभी लोगों को पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया। वहीं दो की गंभीर दशा को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अंतर्गत भैसौनी गांव के ग्राम प्रधान का अपने पड़ोसी से चकरोड तथा जमीन का विवाद काफी दिनों से चला आ रहा है। गुरुवार की दोपहर दो बजे उसी को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि इस दौरान ग्राम प्रधान की तरफ से प्रदीप यादव, रिंकू यादव, अतुल राहुल यादव उर्फ कल्लू यादव, अनीता यादव, राजेंद्र यादव व उनकी पत्नी के साथ एक दर्जन अज्ञात लोगों ने पूरे परिवार पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया जिससे सरिता यादव पुत्री हरिशंकर यादव, अनीशा यादव पुत्री उमाशंकर ,अनीता देवी पत्नी उमाशंकर, अंजू यादव पत्नी नन्हेलाल, राजकली पत्नी लाल बहादुर, लक्ष्मी यादव पत्नी राजकुमार यादव ,प्रभु यादव पत्नी गणपति यादव, सतीश यादव पुत्र हरिशंकर यादव गंभीर रूप से घायल हो गए आनन-फानन में सभी को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज किया लेकिन दो की गंभीर हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## रमजान के दूसरे जुमे को मस्जिदों में रही रोजेदारों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** रमजान के दूसरे जुमे को जिले की हर मस्जिदों में रोजेदारों की भीड़ रही। जुमे की नमाज के बाद रोजेदारों ने गरीबों और मिस्कीनों को सदका और जकात दिया। इस दौरान पेशइमाम द्वारा मुल्क में अमन व चैन की सलामती के लिये दुआएं की गई। रोजेदारों ने रो-रोकर अपनी-अपनी दुआएं मांगी। बता दें कि रमजान में रोजे की बहुत ही ज्यादा फजीलत इस्लामी किताबों में आई है। दीनी किताबों के अनुसार रमजान में कोई भी दुआएं रद्द नहीं होती हैं। जुमा के बाद लोगों ने रोजा इफ्तारी के लिये खरीदारी भी की।



जामा मस्जिद में जुमा की नमाज अदा करते रोजेदार।

## सीओ ने किया कोतवाली का निरीक्षण, खामियों पर तनी भृकुटी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीओ ने स्थानीय कोतवाली का औचक निरीक्षण कर अभिलेखों के अपूर्ण होने तथा साफ सफाई मे सुधार को लेकर सप्ताह भर का अल्टीमेटम दिया। सीओ रामसूरत सोनकर ने शुक्रवार को दोपहर बाद लालगंज कोतवाली का निरीक्षण किया। यहां एनसीआर के मुकदमों से जुडे रजिस्टर को अपूर्ण देख सीओ ने नाराजगी जताई। वहीं कई विवेचनाओं के ज्यादा समय से लंबित होने पर भी सीओ की भृकुटी तन उठी। सीओ ने शस्त्र रजिस्टर के साथ विभिन्न अभिलेखों का निरीक्षण किया। महिला हेल्प डेस्क पर महिलाओं की शिकायत से जुड़े मामलों मे पूर्ण निस्तारण की विस्तृत आख्या न देख भी सीओ नाराज दिखे। उन्होने मातहतो को जमीनी विवाद के मामलो मे राजस्व टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर शांति एवं व्यवस्था की दृष्टि से कडी सतर्कता के निर्देश दिये। प्रार्थना पत्रों के बाबत भी सीओ ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को रजिस्टर पर अंकित कर कार्रवाई का ब्यौरा भी दर्ज कराने को कहा। थानाध्यक्ष कमलेश पाल ने सीओ को अपराध नियंत्रण समेत शांति एवं व्यवस्था के प्रबंधन से जुड़ी जानकारियां प्रदान की। वहीं सीओ के निरीक्षण के दौरान रानीगंज कैथौला तथा लीलापुर व भागीपुर कमौरा चैकी इंचार्जो को भी सीओ की नाराजगी की जद मे देखा गया।

## कोचिंग पढ़ने गए छात्र की बाइक की चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर लालगंज मार्ग पर सिग्मा कोचिंग में शुक्रवार की सुबह पढ़ने गये छात्र धर्मेन्द्र मिश्रा किसुनदासपुर निवासी की लाल रंग की पैशन प्रो बाइक यूपी 72 एक्स 6822 को अज्ञात उच्चको ने उड़ा दिया कोचिंग पढ़कर वापस अपने बाइक की जगह आया तो बाइक गायब देख हक्का बक्का रह गया, जिसकी काफी खोजबीन किया लेकिन बाइक का पता नही चल सका। घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## डॉ अम्बेडकर जयन्ती पर संगोष्ठी एवं निबन्ध प्रतियोगिता हुई आयोजित

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 131 वीं जयन्ती के अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर, प्रतापगढ़ द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सक्षम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडर का नाम आते ही भारतीय संविधान का जिक्र अपने आप आ जाता है, सारी दुनिया आमतौर पर उन्हें या तो भारतीय संविधान के निर्माण में अहम भूमिका के नाते याद करती है। विशेष रूप से आमंत्रित स्वामी विवेकानन्द समाज कल्याण समिति के सचिव डॉ विष्णु कुमार पाण्डेय ने कहा देश के आर्थिक विकास में महिलाओं के योगदान की अहमियत को हाईलाइट करने का काम भी डॉ अंबेडकर ने उस दौर में किया था जब इस बारे में कम ही लोग बात करते थे। संगोष्ठी के पशचात डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन चरित्र पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस निबन्ध प्रतियोगिता में मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सबसे अच्छे निबन्ध लेखन पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी सक्षम फाण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

## साहित्य सृजन मे है विकास को मजबूत बनाने की शक्तिः प्रमोद तिवारी

### कलश गीत संग्रह का हुआ विमोचन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को-आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के लकुरी गांव मे वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश अकेला द्वारा रचित स्वतंत्र काव्य कलश पुस्तक का समारोहपूर्वक विमोचन किया।

शुक्रवार को यहां आयोजित साहित्यिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने अकेला के द्वारा रचित पुस्तक को गांव के किसान तथा मध्यम वर्ग की वास्तविक स्थिति की पीड़ा का दर्पण कहा। उन्होंने कहा कि महानगरीय एवं शहरी साहित्य मे गांव की पीड़ा उधार के अनुभव की हुआ करती है जबकि ग्रामीण क्षेत्र के साहित्य साधना मे यह पीड़ा की अभिव्यक्ति दिल के अनुभव पर सत्यता के प्रतिबिम्ब को उकारा करती है। वहीं प्रमोद तिवारी ने कहा कि साहित्य सृजन मे विकास तथा समरसता के वातावरण को सशक्त बनाये रखने की शक्ति भी हमें ऊर्जा प्रदान किया करती है। उन्होनें साहित्यकार सुरेश अकेला को प्रोत्साहन स्वरूप इक्यावन सौ रुपए नकद व शॉल ओढ़ाकर स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम मे जिपंस लालजी यादव, राकेश चतुर्वेदी, मुन्ना पटेल, ओमप्रकाश यादव, प्रधान रमाकांत द्विवेदी, अजय पाण्डेय, सुरेन्द्र तिवारी, अशोक पाण्डेय, विनोद तिवारी, धीरज सिंह, मनोज यादव, गुडडू पाण्डेय, नागेश नारायण मिश्र, मनोज मिश्र, शिव प्रताप मिश्र, देव नारायण मिश्र, हरिश्चंद्र पटेल, सर्वेश सोनकर, राजेश सरोज आदि ने सह संयोजन किया।



स्वतन्त्र काव्य कलश गीत संग्रह का विमोचन करते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

## पट्टी में शादी से एक पखवारे पहले युवक घर से लापता

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी से एक पखवारे पहले घर से युवक लापता हो गया। वह पेशे से ड्राइवर था और लखनऊ जाने की बात कह कर घर से निकला था। चार दिन बाद जब युवक घर पर नहीं पहुंचा तो उसके चाचा ने पट्टी कोतवाली में पहुंचकर युवक के लापता होने की सूचना पुलिस को दी और उसे ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस तहरीर लेने के बाद मामले की जांच में जुटी हुई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सलाहपुर गांव का रहने वाला सचिन कुमार (24) पुत्र दयाराम वाहन चालक है। क्षेत्र में जरूरत पड़ने पर ड्राइविंग का काम करता है। बीते 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे उसने घरवालों से बताया कि वह किसी की गाड़ी लेकर लखनऊ जा रहा है, शाम तक वापस लौट आएगा। शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो घर वाले परेशान हो गए। नात रिश्तेदार तथा संभावित स्थानों पर युवक का पता किया गया लेकिन उसका कुछ नहीं पता चला तो चाचा राजबहादुर ने पट्टी कोतवाली में पहुंचकर युवक के लापता होने के बारे में सूचना दिया। लापता सचिन कुमार किसी की व्यक्तिगत गाड़ी नहीं चलाता था, जरूरत पड़ने पर लोग फोन नंबर से उसे बुला लेते थे। सचिन की शादी 12 दिन बाद 27 अप्रैल को है 11 अप्रैल से वह घर से गायब है। युवक का मोबाइल नम्बर भी बंद आ रहा है। युवक के लापता होने से घर के सभी लोग परेशान हो चुके हैं। वही तहरीर लेने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## खबर संक्षेप

### ढाबे में मौत पुलिस ने पीएम को भेजा लाश

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कोटिया भरसवा के पास एक ढाबे में ट्रक चालक से बात कर रहे विकास सिंह पुत्र तेजभान सिंह निवासी शाहपुर अचानक बेहोश होकर गिर पड़े आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लेकिन उन्हें बचा नहीं सके विकास सिंह की मौत हो गई मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने विकास सिंह के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है लोगों का कहना है कि उन्हें ब्रेन हेमरेज हुआ है या हार्ट अटैक आ गया है इस मामले में कोतवाल का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### भागी युवती 20 दिन बाद बरामद

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव से एक युवती 20 दिनों पूर्व गायब हो गई थी मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को देते हुए परिजनों ने पड़ोसियों पर आरोप लगाया था पुलिस ने भागी युवती को खोजने का प्रयास किया काफी प्रयास के बाद युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया है पुलिस युवती के बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही है।

# चौकी इंचार्ज सहित 6 सिपाही को एसपी ने किया लाइन हाजिर

## अपर पुलिस अधीक्षक करेंगे संपूर्ण प्रकरण की जांच

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी पुलिस चौकी इंचार्ज और दो सिपाहियों के साथ-साथ सैनी कोतवाली के दो सिपाही और कड़ा धाम थाना के दो सिपाहियों को पुलिस कप्तान ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है इन पर कार्य में शिथिलता बरतने का आरोप है एसपी की सख्ती का असर दिखा है चौकी इंचार्ज भरवारी एवं आधा दर्जन सिपाहियो को एसपी हेमराज मीणा ने तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर करने के निर्देश दिए है। लाइन हाजिर किए गए सिपाही थाने के का 'खास बताए जाते हैं जिनकी लगातार शिथिलता एवं लापरवाही की शिकायत मिल रही थी भरवारी क्षेत्र के राज सोनकर पुत्र राजेश सोनकर ने भरवारी चौकी पुलिस पर बंधक बनाकर बंद कमरे में मुंह में कपड़ा ठूंस कर आंख में पट्टी बांधकर बेरहमी से पीटने का आरोप लगाया है युवक का कहना है कि जब वह बेहोश हो गया है तो उसकी पिटाई बंद की गई है लेकिन युवक के शिकायती पत्र में तमाम झोल है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भरवारी चौकी इंचार्ज श्रवण कुमार सिंह और सिपाही विक्रम सिंह सिपाही विजय शंकर पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है मामले की जांच अपर पुलिस अधीक्षक को सौंप दी गई है इसी तरह कड़ा धाम कोतवाली के सिपाही योगेश कुमार और सौरभ पटेल को लाइन हाजिर कर दिया गया है सैनी कोतवाली के सिपाही महेश सिंह और देवेश कुमार को भी लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### आंख में बंधी पट्टी फिर भी दिखाई पड़ गया घर का रंग

**कौशाम्बी।** भरवारी चौकी पुलिस के सिपाहियों पर बंधक बनाकर बंद कमरे में आंख में पट्टी बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस कर बेरहमी से पिटाई किए जाने का आरोप लगाने वाले युवक के बयान में तमाम झोल है हालांकि पुलिस ने युवक के बयान पर 2 सिपाही और एक चौकी इंचार्ज को लाइन हाजिर कर दिया है लेकिन सवाल उठता है कि युवक के आंख में सिपाहियों ने पट्टी बांधी थी तो उसके द्वारा दिया जा रहा यह बयान कहां तक सही है कि जिस मकान में पुलिस वाले उसे ले गए थे वह असवा गांव में है और मकान गुलाबी रंग से पुताई किया हुआ है आखिर जब युवक की आंख में पट्टी बंधी हुई थी तो उसे सब कुछ साफ-साफ कैसे दिखाई पड़ रहा था युवक के इस बयान में तमाम झोल हैं कहीं चौकी इंचार्ज और सिपाहियों को किसी राजनैतिक दबाव में तो नहीं लाइन हाजिर कर दिया गया है यह बड़ी जांच का विषय है।

### सीओ के पति की सड़क हादसे में मौत की जानकारी पर दुख

#### एलआईयू सीओ ज्योत्सना मिश्रा की वर्तमान में मिर्जापुर में है तैनाती

**भरवारी कौशाम्बी।** एलआईयू कौशाम्बी में उपनिरीक्षक रही ज्योत्सना मिश्रा परिवार सहित इलाहाबाद के अल्लापुर में रहती है उनका प्रमोशन हो गया है और अब ज्योत्सना मिश्रा सीओ एल आई यू के पद पर मिर्जापुर मण्डल में कार्यरत हैं उनके पति आलोक मिश्रा उम्र 40 वर्ष लगभग प्रयागराज शहर के ट्रांसपोर्ट नगर में ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करते हैं शुक्रवार की सुबह आलोक मिश्रा मॉर्निंगवाक पर निकले थे घर के पीछे अज्ञात वाहन ने आलोक मिश्रा को टक्कर मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची है कौशांबी जिले में तैनात रह चुकी ज्योत्सना मिश्रा के पति की मौत की जानकारी मिलते ही एलआईयू कार्यालय पुलिस कार्यालय स्पेशल इंटेलिजेंस कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालय और उनके जानने वालों में दुख की लहर है।

## गरीबों का निवाला डकारते रहे कोटेदार अधिकारी बजाते रहे चैन की बंसी

### 2 वर्ष बाद अधिकारियों की टूटी नींद 10 कोटे की दुकान हुई निलंबित

**कौशाम्बी।** गरीबों के निवाले को 2 वर्षों से कोटेदार डकारते रहे फिर भी अधिकारी चयन की बंसी बजाते रहे बार-बार गरीब अपने राशन को डकारे जाने की शिकायत अधिकारियों से करते रहे लेकिन जांच के नाम पर धीरे-धीरे 2 वर्ष बीत गए और सब अधिकारियों के निर्णय के कोटेदार सरकारी राशन लाभार्थियों को नहीं दे रहे हैं जिस पर आनन-फानन में 10 कोटे की दुकानों को निलंबित कर दिया गया है अब सवाल उठता है कि 2 वर्षों तक चैन की बंसी बजाने वाले पूर्ति विभाग के अधिकारियों को कब निलंबित कर इन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि महामारी कोरोना संक्रमण काल में गरीब कमजोर मजदूर मजलूम और 2 जून रोटी का जुगाड़ न कर पाने वाले परिवार के लिए सरकार द्वारा निशुल्क वितरित किए जाने वाले राशन पर कोटेदारों की मनमानी जमकर होती रही और गरीबों का राशन उन्हें नहीं दिया जाता रहा खुलेआम कालाबाजारी होती रही शिकायत के बाद जांच के नाम पर दोषी कोटेदारों को 2 वर्षों से पूर्ति विभाग के अधिकारी लगातार बचाते रहे। पूर्ति विभाग के अधिकारियों से कोटेदारों की सांठगांठ के चलते परेशान गरीब कमजोर मजलूम उपभोक्ताओ ने जिलाधिकारी से शिकायत किया शिकायत की जांच के दौरान दो वर्ष बाद राशन वितरण में हेरा फेरी सही पाए जाने पर गरीबों का राशन डकारने वाले दस गांव की राशन दुकान निलंबित कर दी गई इससे कोटेदारों में हड़कंप मच गया दो वर्ष सरकार द्वारा गरीबों को माह में दो बार निशुल्क राशन पांच- पांच किलो वितरित करने के लिए राशन कोटेदारों की दुकानों को भेजा जा रहा था लेकिन राशन कोटेदार द्वारा गरीबों का अनाज बेखौफ तरीके से डकारने का सिलसिला चलता रहा राशन कोटेदार गरीबों को राशन देने के बजाय उन्हें गाली गलौज कर भगा देते थे राशन कोटेदार गरीबों के राशन को महंगे दामों में मार्केट पर बेंच कर गरीबों को उनका हक नहीं दे रहे थे राघवापुर, देवखर पुर, रूपनारायणपुर गोरियों, तिलोकपुर, पथरावां, दरियापुर जीता, मोहिद्दीन पुर, देवधरा, महगांव, उमरछा, तरैया, जमालपुर, की राशन दुकान निलंबित कर दी गई है अब सवाल उठता है कि योजना में धांधली करने वाले कोटेदारों को संरक्षण देने वाले पूर्ति अधिकारियों के कारनामों पर कब जांच शुरू होगी और कब पूर्ति निरीक्षकों को निलंबित किया जाएगा।

# अग्नि से बचाव के तरीकों के बारे में दी जानकारी

अखंड भारत संदेश



आग से बचाव की जानकारी देते फायर सर्विस के प्रभारी

**कौशांबी।** गर्मी के मौसम में अग्निकांड की घटनाएं बढ़ जाती हैं जिससे अग्निकांड की घटनाओं को कैसे रोका जाए और अग्निकांड की घटनाओं पर कैसे नियंत्रण पाया जाए इसके तौर-तरीकों पर अग्निशमन दल के लोगों ने पंपलेट के माध्यम से और प्रैक्टिकल कर आम जनमानस छात्र छात्राओं को जागरूक किया है अग्निशमन जागरूकता कार्यक्रम एक सप्ताह तक लगातार चलेगा

फायर स्टेशन पश्चिम शरीरा के प्रभारी अशोक यादव के नेतृत्व में पश्चिम शरीरा क्षेत्र के विद्यालयों में अग्नि की घटनाओं से बचाव और उन पर नियंत्रण के तौर-तरीकों पर अग्निशमन दल द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें छात्र-छात्राओं को पंपलेट के माध्यम से और डेमो के माध्यम से प्रयोग करने से बचाव के तरीके बताए गए हैं इस मौके पर फायर स्टेशन प्रभारी अशोक यादव ने कहा कि घर में खाना बनाते समय कभी-कभी गैस सिलेंडर में आग लग जाती है घबराने की जरूरत नहीं है उन्होंने सिलेंडर में लगी आग लोगों के बीच बुझा कर दिखाया है उन्होंने कहा कि आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन दल के सीयूजी मोबाइल नंबर और 112 कंट्रोल रूम के नंबर या थाना पुलिस को सूचना देकर मदद ली जा सकती है इस मौके पर दीपक यादव शमशेर अली गुरु प्रसाद सहित अन्य तमाम फायर स्टेशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

### चार वर्ष कठोर कारावास से अभियुक्त दंडित

**कौशाम्बी।** थाना सैनी पर पंजीकृत पॉक्सो एक्ट के मुकदमा के अभियुक्त लवकुश पुत्र धर्मपाल पासी निवासी ग्राम भडेहरी थाना सैनी को न्यायालय स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से चार वर्ष कठोर कारावास तथा दो हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया

### बौद्ध रीति से 17 अप्रैल को मनाया जाएगा श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**कल्यानपुर कौशांबी।** देवदानी चंद्रिका प्रसाद मौर्य मूल निवासी बरमतपुर कल्यानपुर का 11 अप्रैल को निधन हो गया है उनका श्रद्धांजलि कार्यक्रम 17 अप्रैल को एसपी कान्वेंट इंटर कॉलेज चक मुंडेरा में आयोजित किया गया है श्रद्धांजलि कार्यक्रम बौद्ध रीत से संपन्न होगा उक्त जानकारी उनके परिजनों ने दी है।

# शोपीस बनकर रह गया है नगर पंचायत सराय अकिल का आर ओ प्लांट

अखंड भारत संदेश




शोपीस बना सराय अकिल का आरओ प्लांट

**कौशाम्बी।** जहाँ एक ओर योगी सरकार जनता की सुविधा के लिये हर सुविधा देने के लिये सदैव प्रयासरत रहती है वही दूसरी ओर जिम्मेदार उनकी मंसूबो पर पानी फेरते नजर आ रहे है आप को बताते चले कि जनता की सुविधा के लिये सराय अकिल में लाखों की लागत से आर ओ प्लांट लगाया गया था।ताकि नगर पंचायत सराय अकिल की जनता को शुद्ध पानी उपलब्ध हो सके चायल के पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता ने दिनांक 26 जनवरी 2020 को आरओ प्लांट का उदघाटन किया था।ओपनिंग के बाद लगभग दो माह तक जनता ने इसका फायदा उठाया फिर उसके बाद आरओ प्लांट में ताला लग गया।और आज तक ताला लटक रहा है।जानकारी मिली कि लगभग 200 पानी वाले डिब्बे भी लाया गया था उसका भी कोई हिसाब जिम्मेदारो के पास नही है आखिर क्यों सरकार का पैसा ब्यर्थ में खर्च किया जाता है जब की कोई देख रेख करने वाला नही है।क्या इसी तरह स्वच्छ भारत बन पायेगा।जनता शुद्ध पेयजल के लिये तरस रही है।आरओ प्लांट के बाहर हैंड पंप लगा हुआ है जिसमे गंदा नाली का पानी आता है जिसके कारण पानी बदबू मारता है।लोग पानी के लिए तरस रहे है नगरवासियो ने कई बार जानकारी दिया जिम्मेदारो से इसकी शिकायत किया गया परंतु किसी के कानों तक जनता की पुकार नही पहुँच सकी।देखते है कब तक आरओ प्लांट की सुविधा से जनता वांछित रहती है।और कब आरओ प्लांट फिर से जनता के लिए शुद्ध पेयजल उगलेगा।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से 02 थाना कौशाम्बी से 03 थाना सराय अकिल से 08 थाना कड़ाघाम से 03 कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया हैं।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 61 वाहनों का ई चालान किया गया तथा एक वाहन का चालान कर 1000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# हादसे को दावत दे रहे झूलती विधुत तार

अखंड भारत संदेश



बल्ली के सहारे झूलती विधुत तार

**पश्चिम शरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत देवरी गांव की आबादी होकर नलकूप को जाने वाली 11000 हाई वोल्टेज की तार बल्ली के सहारे लटक रही है हाई वोल्टेज तार में विद्युत खंभे का प्रयोग नहीं किया गया है छोटी बल्ली के सहारे हाई वोल्टेज तार नलकूप को पहुंचाई गई है हाई वोल्टेज तार से कई बार ग्रामीण विद्युत के करंट की चपेट में आते आते बच गए हैं आज फिर ट्रैक्टर में भूसा ले कर जा रहा एक ब्यक्ति विद्युत तार की चपेट में आने से बच गया है वरना बड़ा हादसा हो जाता मामले की कई बार शिकायत ग्रामीणों ने विद्युत पावर हाउस के अधिकारियों से की लेकिन झूलते विद्युत तार ठीक नहीं हो सकी है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत विभाग क्या किसी बड़ी अनहोनी घटना का इंतजार कर रहा है ग्रामीणों ने आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लटक रही विद्युत तार को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

### वांछित अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त नन्दलाल उर्फ नन्दू पुत्र संकर निवासी निजामपुर नौगीरा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त दीन मोहम्मद पुत्र हफीजुल्लाह निवासी हररायपुर आलमचंद थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### शराब के साथ गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्ता गीता देवी पत्नी चम्पियन सरोज निवासी रक्साइपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# ब्लाक स्तर आयोजित होगा स्वास्थ्य मेला

## अमृत महोत्सव के रूप में होगा कार्यक्रम एक पायदान पर मिलेगी विभिन्न सुविधाएँ व सेवाएं

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विकास खंडों में 18 अप्रैल से विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाएगा। 23 अप्रैल तक चलने वाले इन मेलों में स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां होंगी। इस बारे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक अर्पणा उपाध्याय ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र भेजा लिखा है।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. के सी राय ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण की ओर से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। मेले में सामान्य चिकित्सा, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार नियोजन परामर्श, मोतियाबिंद की जांच, आंख,कान, नाक एवं गले की जांच की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा आयोजन में दंत चिकित्सा जांच, त्वचा की जांच, पोषण के लिए परामर्श, एड्स नियंत्रण के लिए परामर्श, कुष्ठ नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, मलेरिया और आंखों की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। धूम्रपान और तंबाकू के सेवन से बुरे प्रभाव की जांच, कैंसर नियंत्रण जागरूकता समेत अन्य विभागों के इलाज संबंधी सेवाएं भी मिल सकेंगी। सीएमओ ने बताया कि क्षेत्र की जनता को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक करने ० उससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी एवं गैर-संचारी रोगों की रोकथाम आदि प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को ब्लॉक मंझनपुर 19 को चायल , 20 को आलमचंद कड़ा ० मूरतगंज, 21 को सिराथू व 22 को सरसंवा 23 अप्रैल को ब्लॉक कौशाम्बी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नेवादा पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। मेले में स्वास्थ्य विभाग, सहायक आयुक्त खाद्य, युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, आयुष, शिक्षा, सूचना एवं प्रसार, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग विभाग, आयुष्मान भारत के स्टाल लगेंगे।

# गौसपुर गांव में मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव राव अम्बेडकर की जयंती



अंबेडकर जयंती मनाते नेता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर ग्रामसभा गौसपुर मे उनकी प्रतिमा पर सांसद प्रतिनिधि भैय्यन पासी के साथ मीनू योगेश साहू जिला पंचायत सदस्य जिला संयोजक पंचायत प्रकोष्ठ कौशाम्बी ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा की।इस शुभ अवसर पर समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे। अंबेडकर जयंती के अवसर पर योगेश साहू ने कहा कि कुरीतियों को दूर करने वाले, विशिष्ट प्रतिभा के धनी स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के पितामह, महानायक श्रद्धेय श्री बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर सम्पूर्ण भारतवासियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई देता हूं उन्होंने कहा कि दबे कुचले दलितों के उत्थान के लिए बाबा भीमराव अंबेडकर ने हमेशा संघर्ष किया है।

# शोषितों वंचितों की लड़ाई लड़ते रहे बाबा साहेब : प्रीतम पटेल

अखंड भारत संदेश



अंबेडकर जयंती मनाते अपना दल नेता

**कौशाम्बी।** अपना दल नेता प्रीतम पटेल ने कहा कि शोषितों वंचितों मजलूमों के हकों की लड़ाई हमेशा बाबा साहब लड़ते रहे लड़ते अपना दल के शहर पश्चिमी विधानसभा अध्यक्ष प्रीतम पटेल ने मादपुर में डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर 131 वी जयंती पर उनके जीवन संघर्ष को याद करने के बाद उक्त बातें कही। प्रीतम पटेल ने इस अवसर पर कहा कि अम्बेडकर साहब हमेशा से शोषितो वंचितों मजलूमों के हक व अधिकार की लड़ाई सामंतों से लड़ते रहे और सबको वह बराबरी का अधिकार दिलाना चाहते थे वहीं आरएसएस गैर-बराबरी का समाज बनाती है। भाजपा उसी एजेण्डा को लेकर चलती है। वह उन्मादी समाज का निर्माण कर रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की रक्षा के लिए लोग हम संघर्ष जारी रखेंगे। प्रीतम पटेल ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार ने संविधान की मूलभूत संरचना के साथ अपने हर फैसले में खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि समता मूलक समाज के लिए बाबा साहेब की विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा ।बाबा साहब ने ऐसे समाज का सपना देखा था जिसमे गैर बराबरी और भेदभाव का स्थान न हो आज के हालातों से डरने वालों को बाबा साहेब का संघर्ष याद करना चाहिए, इससे जरूर रास्ता मिलेगा और परिवर्तन होगा।

अच्छे लोगों को संबोधित करते हुए प्रीतम पटेल ने बाबा साहेब का संविधान न होता तो गरीब का बेटा कभी बड़े पदों तक नहीं पहुंच पाता इस अवसर पर सपा नेता रमाकान्त सिंह पटेल सदस्य जिला पंचायत नेपाल सिंह पटेल श्रेयांश पटेल संजय बाल्मीकि, अर्पित रंजन प्रशांत राज हर्षित रंजन सुरकेश पटेल सहित तमाम लोगों ने अपने विचार रखे।



अंबेडकर जयंती पढ़ सजाया गया पांडाल

# खुशियों के साथ मनाया डॉ भीम राव अम्बेडकर जयंती

**हररायपुर कौशाम्बी।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के पर्व पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया है कोखराज थाना के अंतर्गत मूरतगंज व काशिया पूर्व में रैली के साथ व नाच गाने के साथ अम्बेडकर जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई है काशिया पूर्व गांव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया है इस मौके पर महेंद्र गौतम बब्लू गौतम लल्ला उर्फ शैलेंद्र गौतम सुनील गौतम मुन्ना सरोज व मुकेश सरोज अनिल कुमार आदि ने समस्त ग्राम वासियों की मौजूदगी में भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई।

## संपादकीय

# तेल का खेल पुराना है

भारत में अंतरराष्ट्रीय कारणों से खनिज तेल यानी पेट्रोल-डीजल मंहगा हो रहा है। वैसे तो यह स्थिति पूरे विश्व में है। भारत के अलावा यदि दुनिया की बात करें तो भारतीय मुद्रा के हिसाब से हांगकांग में पेट्रोल 218.85 रुपये लीटर बिक रहा है। वहीं, नीदरलैंड में 191.34 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। इसके अलावा मोनाको में 189 रुपये, नार्वे में 186.50 रुपये और फिनलैंड में 179.14 रुपये प्रति लीटर की कीमत पर पेट्रोल मिल रहा है। भारत में पेट्रोल की वर्तमान कीमतों के लिए यूपीए सरकार की गलत खनिज तेल नीतियां और व्यापारिक समझौते जिम्मेदार हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने 29 मार्च 2022 को राज्यसभा में कहा कि 'मैं इस सदन को याद दिला दूं कि आज के सत्यनिष्ठ करदाता उस (कच्चे तेल की) सब्सिडी का भुगतान कर रहे हैं जो उपभोक्ताओं को एक दशक से अधिक समय पहले तेल बांड (उधारी) के नाम पर दिया गया था और वे अगले पांच वर्षों तक भुगतान करना जारी रखेंगे क्योंकि बांड (उधारी) का पेमेंट 2026 तक जारी रहेगा। इसलिए, दस साल पहले उठाए गए तेल बांड (उधारी) के माध्यम से तेल की कम कीमतों का वह बोझ अब भी हम पर है।

इसलिए, मैं इसे रिकॉर्ड पर रखना चाहूंगी। 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की उधारी जो यूपीए के तेल बांड के दौरान जुटाए गए थे जिसका भुगतान हम अभी भी कर रहे हैं। इसलिए अधिक कीमत पर तेल की उधारी का भुगतान करना एक ईमानदार तरीका है, न कि ऐसा तरीका जिससे आप इसे किसी और पर उधारी उठा लेते हैं और कोई अन्य सरकार इसके लिए भुगतान करती रहती है।' निर्मला सीतारमण के स्पष्टीकरण से साफ है कि देश में पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों के लिए यूपीए सरकार भी जिम्मेदार है। वास्तव में तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 82 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 140 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंची है। भारत में जिस गति से देश के विकास में संसाधन जुटाए जा रहे हैं, उसकी कीमत का आकलन विश्व को है लेकिन हममें से कुछ भारतीय अभी भी अज्ञानी बने हुए हैं।

लोग यह समझना नहीं चाहते कि राष्ट्रीय और जान-माल की सुरक्षा की एक कीमत होती है। दूसरी तरफ 75-80 करोड़ महिलाएं-बच्चे और पुरुष खुले में शौच को जाते थे। 43 करोड़ लोगों के पास बैंक अकाउंट नहीं थे। 11 करोड़ लोगों के पास गैस नहीं थी। 16 करोड़ घरों में नल से जल नहीं आता था। केवल 60 प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन था। मालगाड़ियां एवं यात्री ट्रेन एक ही लाइन पर चलती थी। बर्फ गिरने से लद्दाख सड़क मार्ग से कट जाता था। चुंगी पर ट्रक घंटों ईंधन फूंकते रहते थे। लगभग 31 प्रकार के अप्रत्यक्ष टैक्स हुआ करते थे। भूतपूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने से अर्थ विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह ने मना कर दिया था। यूपीए की सरकार ने उधारी पर तेल खरीदकर आने वाली पीढ़ियों पर उसका भार छोड़ दिया था। इसलिए सरकार पर भरोसा बनाये, आने वाला समय हम भारतीयों का ही रहना वाला है।

# शरीफ का कश्मीर राग दुर्भाग्यपूर्ण

ललित गर्ग

पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र है। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दुनिया भर में पाकिस्तान को सहयोग के नाम पर सन्नाटा पसरा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि शाहबाज भी उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं

**पाकिस्तान** में एक और सत्ता की तख्ता पलट का नाटक पूरी दुनिया ने देखा। सत्ता में बने रहने के इमरान खान के सारे दांवपेच बेकार साबित हुए। शनिवार देर रात नेशनल असेंबली में बहुमत खो देने के बाद सरकार गिर गई। फिलहाल विपक्ष जीत गया है। सत्ता की कमान अब देश के मंजे हुए राजनेता शाहबाज शरीफ के हाथों में आ गई है। वे तीन बार पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और नवाज शरीफ की गैरमौजूदगी में पार्टी की अगुआई करते रहे हैं। पाकिस्तान के इस घटनाक्रम के बाद देश के राजनेताओं में ज्यादा समझदारी आएगी या दिशाशून्य हो जायेंगे? मालूम नहीं। पक्ष एवं विपक्ष का यह सारा शोर दूसरे को दोषी ठहराने का था और चुप्पी अपने दामन के दाग छिपाने की थी। यह घटनाक्रम सिर्फ किसी को सत्ता से बेदखल करने और किसी को सत्ता हासिल होने के संदर्भ में ही नहीं देखा जाना चाहिए। इसमें इमरान खान ने अपने साथ-साथ पाकिस्तान की भी खूब फजीहत करायी। वह इस तरह बेइज्जत होकर पदमुक्त होने वाले अपने देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। वह चूंकि अपनी पूरी फजीहत कराकर रुखसत हुए हैं, इसलिए उन्हें आने वाले दिनों में राजनीतिक मोर्चे के साथ-साथ प्रशासनिक मोर्चे पर भी खूब संकटों का सामना करना पड़ेगा। उनके विदेश जाने पर एक तरह से रोक लग गई है और उन्होंने अपनी कमजोरिया, गलत नीतियों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की उपेक्षा की वजह से अपने विरोधियों को मौका दे दिया है। दरअसल, जब आप लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं पर विश्वास करते हैं, तब ये संस्थाएं भी आप पर विश्वास करती हैं और मजबूती देती हैं। लेकिन जिस तरह इमरान ने खुद को बचाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया है, अदालत के आदेश के बावजूद संसद से बचने की अंतिम समय तक कोशिश की है, उससे उन्होंने खुद अपने लिए कांटे बिछा लिए हैं। पिछले कुछ महीनों के घटनाक्रम और खासतौर से हाल के एक हफ्ते की गतिविधियां बता रही हैं कि पाकिस्तान के भीतर दरअसल चल क्या रहा है। सरकार गिराने के लिए इमरान खान और उनकी पार्टी विदेशी ताकतों पर आरोप लगा रही है। सेना ने पूरे राजनीतिक घटनाक्रम से अपने को अलग रखने की बात कही। और सबसे महत्त्वपूर्ण यह है कि विधायी तंत्र के घटनाक्रम को लेकर देश का सुप्रीम कोर्ट एक सजग प्रहरी के



रूप में खड़ा रहा। वरना क्या अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान हो पाता? पाकिस्तान की राजनीति में कई नेता नेपथ्य में चले गये हैं पर आभास यही दिला रहे हैं कि हम मंच पर हैं। कई मंच पर खड़े हैं पर लगता है उन्हें कोई प्रोम्प्ट कर रहा है। बात किसी की है, कह कोई रहा है। इससे तो कठपुतली अच्छी जो अपनी तरफ से कुछ नहीं कहती। जो करवाता है, वही करती है। कठपुतली के अलावा कुछ और होने का वह दावा भी नहीं करती। लेकिन पाकिस्तान की सत्ता की स्थिति हर दौर में किसी कठपुतली से कम नहीं होती। क्योंकि कहने को वहां लोकतांत्रिक सरकारें बनती है, लेकिन उन पर नियंत्रण सेना एवं आतंकवादी संगठनों का ही रहता आया है। वैसे भी पाकिस्तान का इतिहास यही रहा है कि वहां सेना किसी की सगी नहीं रही। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि शाहबाज भी सत्ता में तभी तक टिकेंगे, जब तक सेना चाहेगी। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं। शाहबाज के सामने चुनौतियां अधिक इसलिये भी है कि वहां की आर्थिक स्थितियां बिखरी हुई है, अमेरिका का संरक्षण भी बिखर चुका है। जनता महंगाई के कारण त्राहि-त्राहि कर रही है। कहने को पाकिस्तान में लोकतंत्र है, लेकिन लोकतांत्रिक सरकार चलाने के लिए जिस परस्पर बुनियादी विश्वास की जरूरत पड़ती है, इसका अभाव पाकिस्तान में नया नहीं है। क्या इस अविश्वास को अगले प्रधानमंत्री दूर कर पाएंगे? जिन विपक्षी दलों ने एक सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, उन पर अब जिम्मेदारी है कि मिलकर देश को अच्छी सरकार दें, सुशासन दे, लोकतंत्र को शुद्ध सांसें दे। क्या ऐसा हो पायेगा? भावी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बहुमत जुटाने के अलावा सेना को भी विश्वास में लेकर चलने की मजबूरी कदम-कदम पर झेलनी पड़ेगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अगर चौपट न होती, तो शायद इमरान खान को ऐसे न जाना पड़ता। अब शहबाज शरीफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान के मुस्कराने के दिन आ गए हैं, क्या वाकई ऐसा है? विडम्बना तो पाकिस्तान की हमेशा से यही रही है कि अन्दरूनी संकटों का समाधान करने की बजाय वह हमेशा कश्मीर का राग अलापती रही है। आम लोगों के संकटों एवं अभावों को दूर करने की बजाय उसका ध्यान कश्मीर पर ही लगा रहता है। आज उसकी दुर्दशा का कारण भी यही है। शाहबाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के पहले ही जिस तरह कश्मीर राग छेड़ा, उससे यदि कुछ स्पष्ट हो रहा है तो यही कि वह भी इमरान खान की राह पर ही चलेंगे और उनके स्वल्प शासन में किसी रोशनी के अवतरित होने की कोई उम्मीद नजर नहीं आती। कश्मीर का राग भले ही वहां की सरकारों की विवशता हो, ऐसा न करना पाकिस्तान का गद्दार करार दिया जाता हो, लेकिन अब भारत पहले वाला भारत नहीं रहा। कश्मीर की तरफ आंख उठाने का क्या हश्र होता है, इमरान की गति से सहज अनुमान लगाया जा सकता है। कश्मीर का राग अलापने वाले इन्हीं इमरान ने अपने अंतिम भाषण में करीब दो दर्जन बार भारत के गुण गाये, उसे सशक्त बताया, उसकी ओर किसी भी राष्ट्र की आंख उठाने की हिम्मत न करने की बात कही। भले ही शाहबाज शरीफ भारत से शांति चाहते हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इसी के साथ उन्होंने यह भी कह दिया कि यह तभी संभव है, जब कश्मीर मसले का समाधान हो। लेकिन भारत की कश्मीर पर बातचीत करने की कोई दिलचस्पी नहीं है। जबसे अनुच्छेद 370 की कश्मीर में समाप्ति हुई है भारत कश्मीर पर पाकिस्तान से बात करने की जरूरत महसूस ही नहीं करता। भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम कश्मीर पर बात करने को इच्छुक हो सकता है, क्योंकि देरसवेर यह भू-भाग भारत में आना ही है, चाहे बातचीत से आये या अन्य माध्यमों से। पाकिस्तान अनेक संकटों से घिरा है। वैसे भी पाकिस्तान में अगले साल आम चुनाव होने हैं। शाहबाज को सत्ता भले मिल गई हो, पर उनके सामने भी वही बड़ी मुश्किलें और चुनौतियां हैं जो पाकिस्तान में हर प्रधानमंत्री को विरासत में मिलती रही हैं, बल्कि इस बार वे ज्यादा उग्र है। महंगाई से मुल्क बेहाल है। अर्थव्यवस्था बेदम है। भ्रष्टाचार चरम पर है। दुनिया भर में पाकिस्तान को सहयोग के नाम पर सन्नाटा पसरा है। यह नहीं भूलना चाहिए कि शाहबाज भी उन्हीं नवाज शरीफ के भाई हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और पनामा पेपर्स मामले उन्हें सत्ता से बेदखल होना पड़ा था। इसके अलावा देश पर लगा आतंकवाद के गढ़ होने का ठप्पा भी अलग तरह के संकट खड़े किए हुए है। साफ है, शाहबाज की राह में भी कांटे ही कांटे हैं। इन कांटों के बीच यदि वह भारत की तरफ आंख उठाता है या कश्मीर राग अलापता है तो उसके संकट गहरे ही होने वाले हैं। इसलिये पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता और शांति कैसे कायम हो, फिलहाल यही सरकार, सेना और सुप्रीम कोर्ट का मुख्य एजेंडा होना चाहिए।

# हनुमान : शक्ति, तेज एवं साहस के प्रतीक

योगेश कुमार गोयल

**हिन्दू** पंचांग के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है और इस वर्ष यह 16 अप्रैल को मनाया जा रहा है। हालांकि देश के कुछ हिस्सों में इसे कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को भी मनाया जाता है। वैसे हनुमान जन्मोत्सव साल में दो बार मनाया जाता है। पहला हिन्दू कैलेंडर के अनुसार चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को और दूसरा कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी अर्थात नरक चतुर्दशी को। कुछ मान्यताओं के अनुसार चैत्र पूर्णिमा को प्रातःकाल में एक गुफा में हनुमानजी का जन्म हुआ था जबकि वाल्मिकी रचित रामायण के अनुसार हनुमानजी का जन्म कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को हुआ था। मान्यता है कि चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमानजी सूर्य को फल समझकर खाने के लिए दौड़ पड़े थे और एक ही छलांग में उन्होंने सूर्यदेव के पास पहुंचकर उन्हें पकड़ कर अपने मुंह में रख लिया था। जैसे ही नटखट हनुमान ने सूर्य को मुंह में रखा, तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। इसी तिथि को विजय अभिनन्दन महोत्सव के रूप में भी मनाया है। एक मान्यता के अनुसार कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के दिन हनुमानजी की भक्ति और समर्पण से प्रसन्न होकर माता सीता ने उन्हें अमरता का वरदान दिया था। आजन्म ब्रह्मचारी हनुमानजी को भगवान महादेव का 11वां अवतार अर्थात रूद्रावतार भी माना जाता है और हिन्दू धर्म में हनुमान जन्मोत्सव का विशेष महत्व है। महर्षि वाल्मीकि जी ने रामायण में उन्हें विशिष्ट पंडित, राजनीति में धुरंधर और वीर-शिरोमणि कहा है। बजरंग बली हनुमान को कलियुग में कलियुग के राजा की उपाधि प्राप्त है। भक्तजन हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि-विधान से उनकी पूजा-अर्चना करते हुए व्रत भी रखते हैं, जगह-जगह भव्य शोभायात्राएं भी निकाली जाती हैं। इस अवसर पर हनुमान चालीसा, सुंदरकांड तथा हनुमान आरती का पाठ करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन जो भक्तजन हनुमानजी की भक्ति और दर्शन करते हुए व्रत रखते हैं, उन्हें हनुमानजी का आशीष प्राप्त होता है और उनके जीवन में किसी तरह का कोई संकट नहीं आता। दरअसल समस्त ब्रह्मांड में एकमात्र हनुमानजी ही ऐसे देवता माने जाते हैं, जिनकी भक्ति से हर प्रकार के संकट तुरंत हल हो जाते हैं और इसीलिए हनुमानजी को संकटमोचक भी कहा गया है। यह भी मान्यता है कि हनुमानजी की पूजा जीवन में मंगल लेकर आती है, इसीलिए उन्हें मंगलकारी कहा गया है। शक्ति, तेज और साहस के प्रतीक देवता माने गए हनुमानजी को सभी देवताओं ने वरदान दिए थे, जिससे वह परम शक्तिशाली बने थे। वाल्मीकि रामायण के अनुसार बचपन में हनुमान ने जब सूर्यदेव को फल समझकर अपने मुंह में रख लिया था तो पूरी सृष्टि में हाहाकार मच गया। तब घबराकर देवराज इंद्र ने पवनपुत्र हनुमान पर अपने वज्र से प्रहार किया, जिसके बाद हनुमान बेहोश हो गए। यह देख पवनदेव ने क्रोधित होकर समस्त संसार में वायु का प्रवाह रोक दिया, जिससे संसार में हाहाकार मच गया। तब परमपिता ब्रह्मा हनुमान की बेहोशी दूर कर उन्हें होश में लाए। उसके बाद सभी देवताओं ने दिल खोलकर उन्हें वरदान दिए। सूर्यदेव ने उन्हें अपने प्रचण्ड तेज का सौवां भाग देते हुए कहा कि जब इस बालक में शास्त्र अध्ययन करने की शक्ति आएगी, तब मैं ही इसे शास्त्रों का ज्ञान दूंगा, जिससे यह अच्छा वक्ता होगा और शास्त्रज्ञान में इसकी बराबरी करने वाला कोई नहीं होगा। परमपिता ब्रह्मा ने उन्हें दीघार्यु, महात्मा और सभी प्रकार के ब्रह्मदण्डों से अवध्य होने, इच्छानुसार रूप धारण करने, जहां चाहे वहां जा सकने, अपनी गति को अपनी इच्छानुसार तीव्र या मंद करने का वरदान दिया। देवराज इंद्र ने कहा कि यह बालक मेरे वज्र द्वारा भी अवध्य रहेगा और देव शिल्पी विश्वकर्मा ने भी उन्हें चिरंजीवी तथा अपने बनाए सभी शस्त्रों से अवध्य रहने का वर प्रदान किया। ऐसे ही वरदान उन्हें भगवान शिव, कुबेर, जलदेवता वरूण, यमराज इत्यादि ने भी दिए। इन्द्र का वज्र बालक मारुति की हनु (ठोडी) पर लगा था, जिससे उनकी ठोडी टूट गई थी, इसीलिए उन्हें हनुमान कहा जाने लगा। जिस प्रकार भगवान शिव के शिवालय नंदी के बगैर अपूर्ण माने जाते हैं, उसी प्रकार हनुमानजी की उपस्थिति के बिना रामदरबार अपूर्ण रहता है।

## अभिव्यक्ति

# अनुच्छेद 370 के पक्ष में नहीं थे डॉ भीमराव अंबेडकर

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**पूरे** देश में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयन्ती मनायी जा रही है। किंतु जो ध्यान आकर्षित करने वाली बात है वह यह कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बाबा साहेब की जयंती सबसे छोटी इकाई शाखा स्तर तक मना रहा है। यद्यपि संघ प्रतिवर्ष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विषय पर विचार गोष्ठी, कार्यक्रम करता ही है और संघ का बाबा साहेब से बहुत पुराना संबंध है तथापि इस बार निचले स्तर तक कार्यक्रम करने का उद्देश्य है कि बाबा साहेब को देश का अंतिम व्यक्ति तक समझे। जबकि कामरेडों, सेकुलरों, तथाकथित दलित विचारकों एवं बहुजन के प्रचारकों को यह बात बहुत बुरी लग रही है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आखिर क्यों बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मना रहा है? क्यों संघ से जुड़े लोग भीमराव अंबेडकर का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं? किस कारण ये फासिस्ट संघी हमारे बाबा साहेब के जीवन को सार्वजनिक करना चाहते हैं, क्यों ये ब्राह्मणवादी हमारे एक मात्र बाबा साहेब को छिनना चाहते हैं? और समय-समय पर इन तथाकथित विचारकों की तरफ से यह सन्देश देने की कोशिश भी होती रहती है कि मानों बाबा साहेब आंबेडकर संघ के पुराने दुश्मन हो। जबकि सत्य यही है कि तथाकथित बुद्धिजीवियों द्वारा खड़े किये गये इन सभी प्रश्नों के जवाब में ही संघ परिवार बाबा साहेब की राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समाज के प्रति कर्तव्य भावना, धर्म के प्रति वैज्ञानिकता को इन विचार गोष्ठियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचाना चाहता है। झूठ का प्रचार करने वाले ये तथाकथित विचारक यह बात भूल जाते है की संघ और बाबा साहेब में उनके जीवित रहते कई बार विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कभी भी संघ कार्य की आलोचना नहीं की और संघ की ओर से भी कभी उनकी आलोचना नहीं की गई। वीर सावरकर ने जब रत्नागिरी में जाति उन्मूलन आंदोलन चलाया तो बाबा साहेब ने उस आंदोलन की खुले मन से पत्र लिख कर प्रशंसा की और साथ ही कहा कि ऐसे आंदोलन पुरे देश में करने की आवश्यकता है। एक बार 1939 में नागपुर में संघ के प्रथम सरसंघचालक डॉ हेडगेवार के मार्गदर्शन में संघ शिक्षा वर्ग लगा हुआ था। बाबा साहेब वर्ग में बिना बुलाये ही पहुंच गए। डॉक्टर साहब ने भीमराव जी का अभिवादन किया। दोनों लोग दोपहर में साथ ही भोजन किया जबकि तत्कालीन समाज के ताने-बाने के अनुसार एक दलित और ब्राह्मण का साथ भोजन करना बड़ी बात थी। भोजन उपरांत अंबेडकर जी को शिक्षार्थियों से मिलवाया गया। पूछ-ताछ करने पर बाबा साहब को यह देखकर आश्चर्य हुआ की यहाँ पर कोई छूत-अछूत नहीं अपितु किसी की जाती पूछे बिना ही साथ में भोजन कर रहे हैं तथा इकट्ठे मिलकर खेल रहे हैं। बाबा साहेब यह सब देखकर इतने प्रभावित हुए कि उसी दिन शाम को बौद्धिक भी उन्होंने अपने मन के उद्गार प्रकट किये। कामरेडों और स्वार्थी दलित विचारकों ने बाबा साहेब को इस तरह से प्रचारित किया मानों की वह धर्मविरोधी हों। जबकि वास्तविकता यह थी कि उनके लिए धर्म बहुत मायने रखता था। श्री ज्योतिबा फूले और गाडगे बाबा की तरह बाबा साहेब भी हिन्दू धर्म सुधारक ही थे। बाबा साहेब मानते थे कि "मंत्री देश का उद्धार नहीं कर सकते, जिसने धर्म को भली भाति समझा है वही देश को तार सकता है।" महात्मा फुले ऐसे ही धर्म सुधारक थे। निकृष्ट कम्युनिस्टों ने बाबा साहेब की छवि को धूमिल करने के लिए जानबूझकर उन्हें ब्रह्मणविरोधी करार दिया। इस विषय में डॉ आंबेडकर की दृष्टि दूरगामी थी वो जानते थे की उनका वोटों के लिए इस्तेमाल किया ही जाएगा, इसलिए उन्होंनेने 14 जनवरी 1946 को सोलापुर के भाषण में अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी। उन्होंने कहा "ब्राह्मण जाति से मेरा कोई झगड़ा नहीं है अपितु दूसरों को नीचे समझने की प्रवृत्ति से मेरा संघर्ष है, भेदभाव की दृष्टि रखने वाले गैरब्राह्मण से ज्यादा महत्वपूर्ण मेरे लिए अभेद्य दृष्टि रखने वाला ब्राह्मण है।" बाबा साहेब ने बौद्ध धर्म अपनाया था जिसके लिए उनकी उस समय बहुत आलोचना की गई। इसके विषय में उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा था " एक बार गांधी जी से छुआछूत के प्रश्न पर चर्चा करते हुए मैंने कहा था कि इस विषय में मेरा आप से विरोध होने पर समय आने पर मैं ऐसा मार्ग चुनूंगा जिससे देश का कम से कम अहित हो। इसलिए बौद्ध धर्म अपनाकर मैं देश का अधिक से अधिक हितसाधन कर रहा हूँ। बौद्ध धर्म भारतीय संस्कृति का ही भाग है।

# नेपाल में उठने लगी हिंदू राष्ट्र की मांग

प्रमोद भार्गव

नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का भारत आगमन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद जनता में नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने मांग जोर पकड़ रही है। इस मांग में नेपाल के मुस्लिम भी शामिल हैं। इस दोस्ताना शिखर-वार्ता से तय हुआ है कि नेपाल चीन के विस्तारवादी शिकंजे से मुक्त होने की राह पर चल पड़ा है। नेपाल ने अब भरोसा दिया है कि सीमा विवाद का राजनीतिकरण नहीं होगा और जल्द इस विवाद को द्विपक्षीय बातचीत से सुलझा लिया जाएगा। आजादी के अमृत महोत्सव के चलते भारत ने नेपाल में 75 विकास परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की है। खासतौर से बिजली उत्पादन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूती देने के लिए एक दृष्टि-पत्र भी जारी किया जाएगा। भारत के आर्थिक सहयोग से तैयार बिहार के जयनगर और नेपाल के कुर्था तक रेल सेवा का उद्घाटन भी कर दिया है। तय है, चीन से प्रभावित वामपंथी धारा के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने दोनों देशों के बीच वैमनस्यता का जो बीजारोपण किया था, उस पर समरसता एवं सद्भाव की यह रेल पानी फेर देगी। याद रहे दोनों देशों के बीच रोटी-बेटी के संबंध रामायण काल से चले आ रहे हैं। राम की धर्मपत्नी सीता नेपाल के जनकपुर से थीं। भारत के धार्मिक श्रद्धालुओं को यह रेल जनकपुरधाम तक पहुंचना आसान कर देगी। ओली ने सीमा विवाद इतना गहरा दिया था कि भारत के तीन भूखंड लिंपियाधुरा, कालापानी व लिपुलेख को नेपाली मानचित्र एवं संविधान में संशोधन करके नेपाली सीमा में दिखा दिए थे। नतीजतन कटुता बढ़ना स्वाभाविक थी, लेकिन आदिकाल से सुख-दुख में साथ रहे दोनों देशों के बीच यह कटुता खत्म हो जाएगी। नेपाल में राजशाही की मांग फिर से जोर पकड़ रही है। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की वहां की जनता को नागवार गुजर रहा है। राजशाही के साथ हिंदु राष्ट्र बहाली की मांग भी मुखर हुई है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग के समर्थन में हो रहे प्रदर्शनों में शामिल राप्ती मुस्लिम सोसायटी के अध्यक्ष अमजद अली ने कहा है कि इस्लाम को बचाने के लिए यह जरूरी है। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष उदबुद्दीन फ्रू भी मिशनरियों के बढ़त प्रभाव को स्वीकार करते हैं। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा के अध्यक्ष बाबू खान पठान ने हिमालयन टाइम्स को बताया कि मुसलमान, देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहते हैं। 80 फीसदी मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में है। गौरतलब है कि राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और कई हिंदूवादी संगठन काफी समय से नेपाल को फिर से हिंदू राष्ट्र का दर्जा देने के लिए अभियान चला रहे हैं। पिछले महीने राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी संप्रभुताओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। दरअसल चार साल पहले दो नेपाली युवकों को बुटवॉल में पुराने राष्ट्रगान को गाने की वजह से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से ही पूरे नेपाल में इस राष्ट्रगान को गाने का सिलसिला चलने के साथ हिंदू राज की पुनर्स्थापना की मांग उठ रही है। हिमालय की गोद में बसा नेपाल एक छोटा और सुंदर देश है। पूरी दुनिया में नेपाल ही एकमात्र ऐसा देश है, जिसे आजतक कोई दूसरा देश परतंत्र नहीं बना पाया। इसलिए यहां स्वतंत्रता दिवस नहीं मनाया जाता। किंतु चीन के लगातार बढ़ रहे हस्तक्षेप के चलते लोगों को लगने लगा कि कहीं यह हिंदू धर्मावलंबी देश अपनी मौलिक संस्कृति व स्वतंत्रता न खो दे? नेपाल एक दक्षिण एशियाई देश है।


# मुसाफिर हूँ यारों...

डॉ. सुरेश कुमार

वातानुकूलित कमरे में बैठकर कश्मीर, हवादार खिड़कियों वाले कमरे में बैठकर हवामहल और चूल्हे की आग को देखकर चुरू के बारे में लिखने वाले एक महाशय को उनके यूट्यूब कार्यक्रम मुसाफिर हूँ यारों के लिए सदी का श्रेष्ठ यायावर लेखक पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राकृतिक यायावरी करने वालों के बीच आर्टिफिशियल यायावरों का बड़ा बोलबाला है। ग्रीन पर्दे के आगे बैठकर दुनिया जहान की बातें करेंगे और थोड़ी देर में ग्रीन क्रोम को स्वैप क्रोम करते हुए पलक झपकते ही आपको सुंदर वादियों में ले चलेंगे। पुरस्कार प्राप्त होने पर मैंने महाशय से पूछा - मैंने कभी आपको घर से बाहर जाते हुए नहीं देखा। जब देखो तब दो-तीन छोटे-बड़े झरोखे वाली बनियाइन और धारीदार लुंगी में पड़े-पड़े खटिया तोड़ते हुए देखा है। आपको यायावरी का पुरस्कार प्राप्त होना मेरे लिए किसी आठवें अजूबे से कम नहीं है। दुनिया में सभी सवाल-जवाब नहीं होते। सवालों के नाम पर शक भी होते हैं। शक की गहराई अपमानित करने का बड़ा प्लाट होती है। वे मेरे आशय को समझ गए। उन्होंने कहा - यायावरी को पहले बड़ी चुनौती वाला काम समझता था। लेकिन यायावरी से पहले मैंने जो नौकरियाँ की हैं उसका खासा अनुभव मेरे काम आया। पहले मैं रियल इस्टेट में काम करता था। शहर से दूर जहाँ कोई आता जाता नहीं था उस जमीन को ग्राफिक्स के नाम पर थ्रीडी पिक्चर्स में ढालना, मक्खी निगलने वाले झूठ जैसे यहाँ से आठ लाइन सड़क का जाना, स्विमिंग पुल, अम्युजमेंट पार्क, जिम आदि के झूठे-झूठे चित्र बनाकर ग्राहकों को फांसना हमारे लिए बाएँ हाथ का खेल था। लेकिन इसमें मेरा फायदा कम मालिक का ज्यादा था। सो मैंने निर्णय किया कि अब से झूठ के बीज, झूठ की खेती और झूठ की फसल के जरिए सची-मुची वाला पैसा कमाऊँगा। मैंने कई यूट्युबरों को देखा है कि वे घर बैठे झूठ की कोठी उठा रहे हैं।

## गुलाबी पोशाक में दिखीं फुटबॉल स्टार रोनाल्डो की वेग जॉर्जीना रोड्रिगेज

**मैनचैस्टर।** मैनचैस्टर युनाइटेड स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गर्भवती साथी जॉर्जीना रोड्रिगेज गुलाबी पोशाक में स्पोर्ट्स कार में



पोज देती नजर आई है। ब्यूनस आयर्स में जन्मी 28 वर्षीय जॉर्जीना इस साल के अंत में जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली हैं। दंपति के पास पहले ही एक बेटी अलाना है। वैसे रोनाल्डो का 11 साल का बेटा क्रिस्टियानो जूनियर, जुड़वां ईवा और माटेओ भी हैं।

## लगता है कि मुझे राष्ट्रमंडल खेल और एशियाड से बाहर रखकर बैडमिंटन संघ खुश है : साइना नेहवाल

**नई दिल्ली।** दो बार राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता रही साइना नेहवाल ने चयन ट्रायल की टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए उन्हें दोनों से बाहर करने के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ की आलोचना की। बीएआई ने दो अप्रैल को चयन ट्रायल रखा था जिसमें बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और हांगझोउ एशियाई खेलों के साथ बैंकाक में आठ से 15 मई तक होने वाले थॉमस कप और उबेर कप की टीम का भी चयन किया गया।



दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना ने कहा कि उन्होंने बीएआई को इंदिरा गांधी स्टेडियम पर हुए ट्रायल से बाहर रहने की सूचना दे दी थी लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि वह इन टूर्नामेंटों में भाग नहीं लेना चाहती थी। उन्होंने ट्वीट किया कि ऐसी खबरें पढकर हैरान हूं कि मैं राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में भाग नहीं लेना चाहती थी। मैं यूरोप में तीन सप्ताह खेलकर लौटी हूं और इसी वजह से ट्रायल में भाग नहीं लिया। एक सीनियर खिलाड़ी होने के नाते लगातार खेलना संभव नहीं है। इससे चोट लगने का डर है और इतने कम समय पूर्व दी गई सूचना पर तो बिल्कुल नहीं।

उन्होंने कहा कि मैंने बीएआई को इसकी इत्तिला दे दी थी लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं आया। लगता है कि इन दोनों टूर्नामेंटों से मुझे बाहर रखकर वे खुश हैं। बीएआई ने बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 15 में शामिल खिलाड़ियों को ट्रायल से छूट दी थी लेकिन विश्व रैंकिंग में 16 से 50वें स्थान पर काबिज खिलाड़ियों को ट्रायल में भाग लेना था।

## मैनचेस्टर सिटी की टीम तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंची, रियल मैड्रिड से होगा मुकाबला

**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर सिटी क्वार्टर फाइनल के दूसरे मैच में एटलेटिको मैड्रिड से गोलरहित ड्रॉ के बाद चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में पहुंच गया जिससे उसने पहली बार यूरोप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता जीतने की उम्मीद जीवंत रखी हैं। वहीं, क्लब के इतिहास में तीसरी बार मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग के अंतिम चार में प्रवेश किया। पिछले साल की उपविजेता मैनचेस्टर सिटी का सामना अब सेमीफाइनल में रियाल मैड्रिड से होगा जिसने मंगलवार को गत चैंपियन चेल्सी को हराकर बाहर कर दिया था। मैनचेस्टर सिटी ने पिछले हफ्ते क्वार्टर फाइनल के पहले चरण के मैच में एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराया था। तब मैच में केविन डि ब्रूइन ने एकमात्र गोल किया था।

ग्रुप चरण से लेकर फाइनल तक अपना 100वां चैंपियंस लीग मैच खेल रहे मैनचेस्टर सिटी ने शुरू से ही मैच में दबदबा बनाए रखा और एटलेटिको मैड्रिड को कोई मौका नहीं दिया। मैच में एटलेटिको गोल करने में फिर जूझती नजर आई और स्पेनिश क्लब ने केवल तीन बार गोल करने का प्रयास किया।

# गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 37 रन से हराया

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल 2022 का 24वां मैच मुंबई के डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीत लिया है और पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। गुजरात की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान हार्दिक पांड्या की 87 रन की पारी के बदौलत 192 बनाने में कामयाब हो पाई। लक्ष्य का पीछा करने आई राजस्थान रॉयल्स की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर सिर्फ 155 रन ही बना सकी और 37 रन से मैच हार गई। इस जीत के साथ गुजरात की टीम अंक तालिका में 8 अंकों के साथ शीर्ष पर आ गई है। पहले बल्लेबाजी के लिए गुजरात टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और टीम को मैथ्यू वेड के रूप में लगा। मैथ्यू वेड 12 रन बनाकर रनआउट हुए।

कुलदीप सेन ने विजय शंकर को आउट करके राजस्थान को दूसरी सफलता दिलाई। शंकर मात्र 2 रन बनाकर पवेलियन की ओर चल दिए। रियान पराग ने सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट करके गुजरात की टीम को बड़ा झटका दिया। शुभमन 13 रन बनाकर आउट हुए।

हार्दिक पांड्या और अभिनव मनोहर ने चौथे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को युजवेंद्र चहल ने तोड़ा। चहल ने मनोहर को 43 रन पर चलता किया। उन्होंने अपनी पारी के दौरान 28 गेंदों का सामना किया और 4 चौके एंव 2 छक्के लगाए। हार्दिक



पांड्या ने 5वें विकेट के लिए डेविड मिलर के साथ अर्धशतकीय साझेदारी निभाई। पांड्या ने 52 गेंदों पर 87 रन की पारी खेली। तो वहीं मिलर ने 14 गेंदों पर 31 रन की पारी खेलकर टीम के स्कोर को 192 तक ले गए। इस मैच में डेब्यू कर रहे यश दयाल ने देवदत्त पडिक्कल को शून्य पर आउट करके टीम को पहली सफलता दिलाई।

इसके बाद अश्विन को तीसरे नंबर पर भेजा गया। पर अश्विन 8 रन बनाकर लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद अर्धशतक बनाकर खेल रहे जोस बटलर को फर्ग्यसून ने अपना शिकार बनाया और राजस्थान को तीसरा झटका दिया। बटलर ने 24 गेंदों पर 54 रन की पारी खेली जिसमें उन्होंने 8 चौके और 3 छक्के लगाए। राजस्थान रॉयल्स को चौथा झटका कप्तान संजू सैमसन के रूप लगा। संजू सैमसन 11 रन पर रनआउट होकर पवेलियन लौट गए। यश दयाल ने वान डर डुसैन को 6 रन पर आउट करके राजस्थान की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया और अपना दूसरा शिकार बनाया। तेजी से रन बटोर रहे शिमरॉन हेटमायर को मोहम्मद शमी ने अपना शिकार बनाया। हेटमायर 17 गेंदों पर 2 चौके और एक छक्के की मदद से 29 रन बनाकर आउट हो गए। लॉकी फर्ग्यूसन ने रियान पराग को 18 रन पर आउट करके गुजरात को 7वीं सफलता दिलाई।


हार्दिक पांड्या ने पहले बल्ले से फिर उसके बाद फिल्डिंग में भी अपना कमाल दिखाया। पांड्या ने जेम्स नीशम का शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी 17 रन पर सिमटा दी।

## पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 का आधिकारिक लोगो जारी

**भुवनेश्वर।** हॉकी इंडिया की ओर से गुरुवार को पुरुष एफआईएच हॉकी विश्व कप 2023 का आधिकारिक लोगो जारी किया गया। हॉकी इंडिया ने अपने ट्विटर हैंडल पर विश्व कप के आधिकारिक लोगो का एक वीडियो साझा किया। लोगो बेहद आकर्षक दिख रहा है। लोगो में ट्रॉफी के ऊपर हॉकी स्टिक और बॉल दिख रही है।

उल्लेखनीय है कि हॉकी इंडिया की ओर से भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम और राउरकेला में निर्माणाधीन 20 हजार सीटिंग क्षमता वाले बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 13 से 29 जनवरी 2023 तक विश्व कप की मेजबानी की जानी है।

टूर्नामेंट में भारत सहित 16 टीमें भाग लेंगी, जिसमें नीदरलैंड, बेल्जियम, इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन, फ्रांस, वेल्स, दक्षिण अफ्रीका,




अर्जेंटीना, चिली, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। शेष तीन टीमें इंडोनेशिश के जकार्ता में 23 मई से एक जून 2022 तक होने एशिया कप 2022 के बाद विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। एशिया कप हॉकी विश्व कप 2023 के लिए क्वालीफायर टूर्नामेंट भी है।

## अश्विन को नंबर 3 पर क्यों भेजा, कप्तान संजू सैमसन ने खुद किया खुलासा

**मुंबई।** राजस्थान रॉयल्स को गुजरात के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की टीम ने 192 रन जोड़ दिए। जवाब में राजस्थान की टीम की ओर से जोस बटलर को छोड़कर कोई बल्लेबाज नहीं चल पाया और पूरी टीम 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 155 रन ही बना पाई। राजस्थान को इस मैच में 37 रन से मैच गंवाना पड़ा। संजू सैमसन ने कहा कि हमने 10-15 रन अतिरिक्त दे दिए जिस कारण हमें हार का सामना करना पड़ा।

संजू सैमसन ने कहा कि गुजरात की टीम 10-15 रन अतिरिक्त दे दिए जिस कारण हम पीछे रह गए। पर मैं इसका श्रेय बल्लेबाजों को देता हूं। हार्दिक पांड्या ने बहुत ही बढ़िया पारी खेली। उन्होंने बहुत ही अच्छा खेला और तेजी से रन बटोरे। मुझे लगता हैकि अगर हमारे हाथ में विकेट होते तब इस लक्ष्य को



हासिल कर सकते थे। रन रेट के मामले में हम लगभग पहुंच ही गए थे। पावरप्ले में हमने उनसे बढ़िया खेला था पर हम लगातार विकेट गंवाते रहे।

सैमसन ने आगे कहा कि ट्रेंट बोल्ट को ट्रेनिंग के दौरान हल्की सी चोट लग गई जिस कारण वह आज का मैच नहीं खेल। उम्मीद है कि वह अगले मैच में वापसी करेंगे। हार्दिक पांड्या का बल्ले से, गेंद से और उसके बाद फिल्डिंग में कमाल का दिन था। मैं इस लीग में कई साल से खेल रहा हूं और इसके महत्वपूर्ण पड़ावों को समझ रहा हूं। इसमें सबसे ज्यादा मायने रखता है कि आप वापसी कैस करते हैं। गुजरात के खिलाफ अश्विन को नंबर तीन पर भेजा गया। इस पर संजू सैमसन ने कहा कि मैं पिछले कई सालों से नंबर 3 पर बल्लेबाज कर रहा हूं। तो इसलिए मैं टीम के बल्लेबाजी क्रम में लचकता लाने के लिए बल्लेबाजों की पोजिशन पर बदलाव कर रहा हूँ। इसलिए मैं कभी नंबर 4 और नंबर 5 पर आ रहा हूं जहां टीम को मेरी जरूरत हो।

## सेरेना विलियम्स ने सीखी हैं 5 भाषाएं, बताया- सबसे फेवरेट है कौन-सी

**वाशिगंटन।** टेनिस जगत की सबसे अमीर प्लेयर्स में से एक है सेरेना विलियम्स। कोर्ट पर वह अपने मजबूत स्टेमिना और पावरफुल शॉट के लिए जानी जाती हैं लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि सेरेना पांच भाषाओं की जानकर भी है। अमेरिका में पली-बढ़ी सेरेना टेनिस खेलने के कारण पूरी दुनिया घूम चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने बड़े देशों की भाषा सीखने पर विशेष फोक्स किया। आज वह जर्मन, चाइनीज भाषा भी बोल लेती हैं।

सेरेना ने एक इंटरव्यू के दौरान टेनिस के लिए विश्व भर में घूमने के दौरान होने वाले फायदों पर कहा कि जब आपको ऐसे देशों में जाने का मौका मिलता है जिसकी संस्कृति विशाल होती है तो आपके अंदर उसको जानने की



उत्सुकता रहती है। इसी उत्सुकता के कारण मैंने कई भाषाएं सीखीं। मैं अमेरिका में पली-पढ़ी। स्कूल में ही मैंने जर्मन और फ्रांस की भाषा सीख ली थी। जब बाहर निकली तो मैंने इटालियन और चाइनीस भाषा सीखने को तरजीह दी। मैं घर में आमतौर पर अंग्रेजी बोलती हूं लेकिन उन्हें इटालियन भाषा बोलना सबसे ज्यादा पसंद है। सेरेना के इस टेलेंट के बारे में लोगों को बीते दिनों पता चला था जब उन्होंने अपने पिता पर बनी हॉलीवुड फिल्म किंग रिचर्ड की प्रमोशन कर रही थी।

किंग रिचर्ड के अभिनेता विल स्मिथ को इस साल ऑस्कर की तरफ से अवॉर्ड भी मिला था। फिलहाल फिल्म की प्रमोशन के दौरान सेरेना को फ्रेंच भाषा बोलते देखा गया। उनकी भाषा की शुद्धि देखकर कई लोग हैरान थे। वह इस तरह फ्रेंच बोल रही थी जैसे बरसों से उन इलाकों में रह रही हों।

## मलेशिया के मशहूर कोच तान किम ने फिर दिया गच्चा, पौने सात लाख रुपये में हुआ था अनुबंध पर नहीं आए

**नई दिल्ली।** सात्विक साईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की तैयारियों के लिए अनुबंधित किए गए नामी मलेशियाई बैडमिंटन कोच तान किम हर ने एक बार फिर गच्चा दे दिया है। पौने सात लाख रुपये की भारी-भरकम राशि में अनुबंध के बावजूद वह भारतीय बैडमिंटन से नहीं जुड़े। उन्होंने पहले आने के लिए हां की उसके बाद ही बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया और साई ने उनके साथ अनुबंध किया। लेकिन अंतिम क्षणों में उन्होंने भारत आने की बजाय जापान के साथ जुड़े रहने का फैसला किया। तान किम हर की उपयोगिता कितनी थी इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें मुंह मांगी रकम पर साई ने 2026 के एशियाई खेलों तक चार साल का लंबा अनुबंध दिया था। तान किम को सात्विक और चिराग को सामने लाने का श्रेय जाता है। उन्होंने कुछ सालों तक भारतीय टीम को कोचिंग दी थी। सूत्र बताते हैं कि जापान टीम के साथ अनुबंध के बावजूद तान किम ने भारत के साथ तार जोड़ लिए, लेकिन जापान ने उन्हें अनुबंध नहीं तोडने दिया। सात्विक और चिराग की इस समय विश्व रैंकिंग छह है। उनके राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों दोनों में पदक जीतने के अवसर हैं। अभी उन्हें पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन विजयदीप सिंह कोचिंग दे रहे हैं, लेकिन बीएआई उनके लिए पूर्व विश्व नंबर एक युगल खिलाड़ी और ओलंपिक में रजत, कांस्य जीतने वाले डेनमार्क के मथायस बोए को जोडने का प्रयास कर रही है।

## पांड्या का बड़ा बयान, इस नंबर पर बल्ले से खेल को नियंत्रित कर सकता हूं

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या ने यहां डॉ. डी वाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में गुजरात टाइटंस को 37 रन से जीत दिलाने के लिए 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की पारी खेली। गुजरात टाइटंस के कप्तान नंबर 4 पर आए और शानदार पारी खेली। पांड्या ने मैच के बाद कहा कि आखिरी गेम यह नहीं था लेकिन आज मैंने सुनिश्चित किया। मैं इस स्थिति में रहा हूं जहां मैंने 12 गेंदों में 30 रन बनाने की भूमिका निभाई है। यह मुश्किल है लेकिन अब चार नम्बर पर मैं खेल को नियंत्रित कर सकता हूं। गुजरात टाइटंस पांच मैचों में चार जीत के साथ आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है और अब रविवार को अपने अगले मैच में उसका सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। पिछले मैच में पांड्या ने 42 गेंदों



पर 50 रन बनाए। लेकिन इस मैच में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को 15/2 से 192/4 तक ले जाने के लिए 20 ओवर तक नाबाद 87 रन बनाए। अपने शानदार प्रदर्शन के रास्ते में बल्ले से उन्होंने थोड़ा संघर्ष भी किया लेकिन फिर भी अंत तक बल्लेबाजी की। उनके शानदार प्रदर्शन ने उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार दिलाने में मदद की। हार्दिक पांड्या ने अपनी पारी पर कहा कि बहुत खास। आज रात मैंने बहुत मेहनत की। यह सिर्फ ऐंठन थी, कुछ भी गंभीर नहीं था। मुझे इतनी लंबी बल्लेबाजी करने की आदत नहीं है। इससे मुझे काफी समय मिलता है। मैं गणना कर सकता हूं और जोखिम उठा सकता हूं। हार्दिक पांड्या उदाहरण के तौर पर पांच पारियों में बल्ले से 228 रन बनाकर 76 की औसत से 136.52 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतकों के साथ अपनी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। वह राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के बाद प्रमुख रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। गेंद के साथ भी उन्होंने पांच मैचों में चार विकेट लेकर योगदान दिया है।

## हार्दिक ने खूब मेहनत की... पर जोस बटलर ने 20 मिनट में ही उनका यह रिकॉर्ड अपने नाम किया

**मुंबई।** गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की मेहनत रंग आती दिख रही है। पीठ में चोट के बाद हार्दिक ने इस सीजन में अच्छी बल्लेबाजी तो की ही है साथ ही गेंदबाजी कर सबको चौकाया है। सीजन का पांचवां मुकाबला खेल रहे हार्दिक पांड्या ने राजस्थान के खिलाफ 87 रन की पारी खेलकर आईपीएल इतिहास में पहली बार ऑरेंज कैप पहनी थी। लेकिन उनकी यह कैप महज 20 मिनट के अंतराल पर जोस बटलर ने अपने नाम कर ली। गुजरात की जब बल्लेबाजी खत्म हुई थी तब हार्दिक के नाम पर 228 रन थे जबकि बटलर के नाम 218 रन। लेकिन राजस्थान की बल्लेबाजी जैसे ही शुरू हुई बटलर ने ताबड़तोड़ शॉट लगाते हुए हार्दिक को पीछे छोड़ दिया।

**सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज**

**जोस बटलर : 5 मैच, 272 रन**
**हार्दिक पांड्या :5 मैच, 228 रन**
**शिवम दुबे : 5 मैच, 207 रन**
**शुभमन गिल : 5 मैच, 200 रन**
**शिखर धवनः 5 मैच, 197 रन**



बता दें कि बटलर के नाम पर सीजन में सबसे ज्यादा चौका लगाने का दूसरा सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। हार्दिक पांड्या 26 चौकों के साथ पहले नंबर पर हैं जबकि बटलर 23 चौकों के साथ दूसरे नंबर पर। अगर छक्कों की बात की जाए तो बटर 18 छक्कों के साथ पहले नंबर पर हैं। जबकि राजस्थान के ही हेटमायर 4 छक्कों के साथ दूसरे नंबर पर हैं। अब तक सीजन में एक ही शतक लगा है जोकि बटलर ने ही लगाया है।

## राशिद खान ने हार्दिक की कप्तानी पर दिया बयान, बताया टीम के अंदर-बाहर कैसा है माहौलं

**मुंबई।** गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि हार्दिक पंड्या अपने प्रेरणादायी प्रदर्शन से आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार किया है जिससे पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग ले रही यह टीम अच्छी शुरुआत करने में सफल रही। गुजरात ने पांच मैचों में चार जीत दर्ज की है और वह अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है।

हार्दिक रन बनाने के मामले में अभी दूसरे स्थान पर हैं और इसके साथ वह अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे हैं। राशिद ने गुजरात की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 37 रन से जीत के बाद कहा, 'जिस तरह से वह (हार्दिक) टीम की अगुवाई कर रहा है जिस तरह से उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर टीम माहौल तैयार किया है वह अभी तक शानदार है।' अफगानिस्तान के इस स्पिनर ने कहा कि हार्दिक साहसिक फैसले करने से नहीं हिचकिचाते हैं।

उन्होंने कहा, 'वह ऐसे कप्तान हैं जो



हमेशा साहसिक फैसले करते हैं। हमेशा उन्हें भरोसा होता है तथा क्या करना है इसको लेकर उनकी राय स्पष्ट है।' राशिद ने कहा, 'एक कप्तान के लिये यह महत्वपूर्ण होता है। जब आपकी मनस्थिति साफ हो तो आप सही फैसले करते हो, परिणाम स्वयं ही आपके अनुकूल रहता है।' राशिद ने कहा कि सही समय पर सही फैसले करने के कारण हार्दिक एक अच्छा कप्तान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, 'आप पूरे विश्वास के साथ सही फैसले करते हो, यह ऐसा हैं जो उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाता है। उन्होंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण उन्होंने हर विभाग में आगे बढ़कर नेतृत्व किया है।'

## खगोल चक्रः हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के दो खगोलविदों का दावा, 2014 में पृथ्वी से टकराया था दूसरे सौरमंडल का पहला उल्कापिंड

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष में साल 2014 में पहला उल्कापिंड पृथ्वी से टकराया था, वह हमारे सौरमंडल से बाहर से आया था। यह सौरमंडल के बाहर से आकर किसी पिंड के पृथ्वी से टकराने की पहली घटना थी। अब तक यह माना जाता था कि 2017 में 'ओमुआमुआ' नामक उल्कापिंड पृथ्वी से टकराने वाली पहली बाह्य खगोलीय चट्टान थी। लेकिन नई खोज के मुताबिक ऐसा तीन साल पहले ही हो चुका था। हाल ही में स्थापित अमेरिकी स्पेस कमांड (यूएसएससी) ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि इसका दावा तीन साल पहले से ही किया जा रहा था। लेकिन आंकड़े जारी नहीं किए गए थे।



विभाग ने कहा कि साल 2014 में एक और पिंड पृथ्वी से टकराया था, जिसे दूसरे सौरमंडल से आने वाला पहला पिंड बताया जा रहा था। लेकिन इसका प्रमाण नहीं मिला पाया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के दो खगोलविदों आमिर सिराज और अब्राहम लोएब ने यह पता लगाया था कि साल 2014 में पृथ्वी से टकराने वाली चट्टान वास्तव में दूसरे तारे के तंत्र से आई थी। अमेरिकी अंतरिक्ष विभाग ने पाया कि इस उल्का की गति और परिपथ से पता चला है कि इसका स्रोत सौरमंडल से बाहर का था।

**शोध पर विवाद**

डॉ. सिराज और डॉ. लोएब ने 2019 में एक शोध पत्र में दावा किया था कि 2014 की घटना ही पहली घटना थी जिसमें बाह्य अंतरिक्ष की कोई वस्तु पृथ्वी से टकराई। उस शोध में दोनों वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि वे 99.99 फीसदी आश्वस्त हैं कि यह बाह्य खगोलीय घटना थी। लेकिन यह शोध प्रकाशित नहीं हो सका, क्योंकि इसका आधार अमेरिकी रक्षा विभाग से मिला डेटा था और अन्य वैज्ञानिक इस पर भरोसा नहीं कर रहे थे। लेकिन एक मार्च को अमेरिकी स्पेस कमांड ने एक मेमो जारी किया था। इस मेमो पर यूएस स्पेस ऑपरेशंस कमांड के मुख्य वैज्ञानिक जोएल मोएत्सर ने मुहर लगाई।

## युद्ध का 50वां दिन : ऑस्ट्रेलिया ने 14 रूसी कंपनियों पर लगाए नए प्रतिबंध, अमेरिका ने यूक्रेन को दी नई सैन्य सहायता

**कीव।** यूक्रेन में रूसी हमले का 50वां दिन था। ऑस्ट्रेलिया ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उसने मॉस्को के लिए आर्थिक व रणनीतिक महत्व की 14 रूसी स्वामित्व वाली कंपनियों पर वित्तीय प्रतिबंध लगाए हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री मॉइरिस पायने ने कहा, रूसी रक्षा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों पर प्रतिबंधों में शिपिंग कंपनियां



सेवमाश और यूनाइटेड शिपबिल्डिंग, साथ ही रुइलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं, जो रूस के 80 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक घटकों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। रूस द्वारा यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में नए सिरे से हमले की आशंका के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने उसे 80 करोड़ डॉलर (6,000 करोड़ रुपये) की नई सैन्य मदद को मंजूरी दे दी है। इस मदद में अतिरिक्त हेलीकॉप्टर और अमेरिकी तोपें शामिल हैं। नई मदद में बख्तरबंद गाड़ियां, तटीय सुरक्षा के लिए नौसेना द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन पोत, रासायनिक, जैविक, परमाणु युद्ध और विकिरण की स्थिति में सैनिकों को बचाने के लिए पोशाक भी शामिल हैं। नई सैन्य मदद की घोषणा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बाइडन की बातचीत के बाद हुई है। काला सागर क्षेत्र से यूक्रेन पर मिसाइलें बरसा रहा रूस का सबसे अहम युद्धपोत 'मोस्क्वा' को यूक्रेनी सेना ने तबाह कर दिया है। ओडेसा के गवर्नर मैक्सिम मार्चेंको पुष्टि की कि ब्लैक-सी की रक्षा में जुटी चेपच्यून मिसाइलों ने रूसी जहाज को यूक्रेन युद्ध के 50वें दिन गंभीर क्षति पहुंचाई है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने भी युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। रूस के लिए इस युद्धपोत की तबाही एक बड़ा झटका है।

# म्यांमार में तख्तापलट के विरोध पर सेना का कहर

### लोकतंत्र समर्थक भिक्षुओं के गांव को आग में झोंका, गोल्डन स्तूपों के पास तबाही के अवशेष बचे

**म्यांमार।** लोकतंत्र समर्थक भिक्षुओं के गांव को म्यांमार सेना ने पिछले साल 2021 में आग पहले आग के हवाले कर दिया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस गांव के लोग सैन्य जुंटा के विरोधी और लोकतंत्र के समर्थक हैं। सेना ने इसका बदला लेने के लिए बिन सहित करीब 100 गांवों और कस्बों को आग में झोक दिया। विरोध का दमन करने के लिए सैन्य जुंटा के 100 जवानों ने 5500 से अधिक आबादी वाले बिन गांव मे आग लगी दी गई। इससे शहर का बड़ा इलाका खाक हो गया।



**आग के बाद बचे तबाही के अवशेष**

आग के कारण बिन कस्बे में गोल्डन स्तूपों के पास तबाही के अवशेष ही बचे हैं। सेना के कहर की तस्वीर एक पत्रकार ने फरवरी में अपने कैमरे में कैद की। अमेरिका इसे अब तक का सबसे बड़ा नरसंहार मान रहा है। उल्लेखनीय है कि म्यांमार में नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेट्रिक पार्टी की नेता आंग सान सू की सरकार का तख्तापलट कर जुंटा सेना ने फरवरी, 2021 में सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

52 हजार से अधिक लोग सगैंग और मैगवे प्रांतों से इस साल अब तक पलायन कर चुके हैं। 2017 में सेना ने हजारों घर रोहिंग्याओं के जला दिए थे, उन्हें देश से भागना पड़ा। 26 लेखकों को जुंटा शासन ने जेलों में बंद कर दिया बीते साल। ये लोकतंत्र समर्थक माने जाते हैं।

## अली बुदेश की बहरीन में मौत : अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद को जान से मारने की खाई थी कसम, कभी था बेहद करीबी

**इस्लामाबाद।** अंडरवर्ल्ड डॉन अली बुदेश की बहरीन में मौत होने की खबर है। वह किसी वक्त अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम का बेहद करीबी था, लेकिन बाद में उसका दुश्मन बन गया था। उसने दाऊद को जान से मारने की कसम खाई थी। अली बुदेश मुंबई का रहने वाला था। उसने भारत से फरार होने के बाद बहरीन में डेरा जमा दिया था। बुदेश की मौत बीमारी से होने का पता चला है। अली बुदेश उन चुनिंदा गिरोहबाजों में था, जिनकी दाऊद से रंजिश थी। उसके अलावा छोटा राजन व बबलू श्रीवास्तव भी दाऊद की जान के दुश्मन थे। कहा जाता है कि पिछले साल पाकिस्तान में छिपे बैठे दाऊद इब्राहिम और छोटा शकील ने मुंबई के गैंगस्टर जान मोहम्मद को अली बुदेश की हत्या करने बहरीन भेजा था, लेकिन वह विफल रहा। यह भी कहा जाता है कि अली बुदेश ने सुरक्षा एजेंसियों के इशारे पर राजन व श्रीवास्तव गिरोह के साथ मिलकर कई करीबियों को ठिकाने लगाया था। 2018 में यूपी के भाजपा विधायकों से रंगदारी मांगने के मामले में अली बुदेश का नाम सामने आया था। इसके बाद उसने कहा था कि दाऊद इब्राहिम उसके नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यूपी में करीब 25 भाजपा विधायकों से रंगदारी मांगे जाने के मामले में बुदेश का नाम आने पर उसने एक न्यूज चैनल को कहा था कि उसने किसी विधायक से रंगदारी नहीं मांगी। तब बुदेश ने कहा था कि मुझे पता चला है कि मेरे नाम से भारत में रंगदारी मांगी जा रही है। यूपी सहित दिल्ली व मुंबई में भी मेरे नाम से धमकी भरे मैसेज किए जा रहे हैं। बुदेश ने कहा था कि यह सब कुछ दाऊद इब्राहिम के इशारे पर छोटा शकील करवा रहा है। तब यूपी के एडीजी (कानून व्यवस्था) आनंद कुमार ने बताया था कि कि जिस नंबर से धमकी भरे संदेश आ रहे हैं, वह दाऊद के एक साथी अली बुदेश के नाम पर है।

## कीव जा सकते हैं जो बाइडेन:जंग के बीच जेलेंस्की से मिलने यूक्रेन पहुंचेंगे यूएस प्रेसिडेंट, कमला हैरिस और विदेश मंत्री भी साथ जा सकते हैं

**वाशिगंटन।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जल्द ही कीव जा सकते हैं। दरअसल, यूक्रेन को समर्थन देने के लिए व्हाइट हाउस की तरफ से एक हाई-लेवल डेलिगेशन कीव जाने वाला है। इसके बाद बाइडेन या वाइस प्रेसिडेंट कमला हैरिस के यूक्रेन जाने की उम्मीद जताई जा रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 9 अप्रैल को कीव जाकर हालात का जायजा लिया था।

**जेलेंस्की से आमने-सामने हो सकती है बात**

इस दौरे के जरिए अमेरिका खुद को जंग में यूक्रेन के साथ दिखाना चाहता है। साथ ही इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत भी हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जो



बाइडेन और कमला हैरिस के अलावा अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन के भी कीव जाने की संभावना है। हालांकि, इसे लेकर अभी कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इससे पहले अप्रैल महीने में ब्रिटेन, यूरोपियन यूनियन, ऑस्ट्रिया, पोलैंड के राष्ट्र प्रमुख भी यूक्रेन का दौरा कर चुके हैं।

**यूक्रेन को लगातार मदद भेज रहा है अमेरिका**

युद्ध के बीच अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को लगातार सहायता पहुंचाई जा रही है। हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन को 800 मिलियन डॉलर की मदद का ऐलान किया है, जिसके बाद कुल अमेरिकी सहायता 3 बिलियन डॉलर से ज्यादा हो गई है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पोलैंड पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पोलैंड में नाटो के साथ मौजूद अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात की थी।

रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पोलैंड पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पोलैंड में नाटो के साथ मौजूद अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात की थी।

**जंग छिड़ने के बाद पोलैंड जा चुके हैं बाइडेन**

जो बाइडेन इससे पहले जनवरी 2017 में बतौर वाइस प्रेसिडेंट यूक्रेन दौरे पर गए थे। रूस-यूक्रेन जंग छिड़ने के बाद राष्ट्रपति बाइडेन और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पोलैंड के दौरे पर जा चुके हैं, जहां उन्होंने यूक्रेन की तरफ से युद्ध कर रहे अमेरिकी सैनिकों से मुलाकात की थी। हालांकि, कीव का ये उनका पहला दौरा होगा।

## पाकिस्तानः इमरान की पार्टी को पीओके में भी लगा तगड़ा झटका, प्रधानमंत्री नियाजी ने दिया इस्तीफा


**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को पाक अधिकृत कश्मीर में भी तगड़ा झटका लगा है। यहां प्रधानमंत्री अब्दुल कय्यूम नियाजी ने भी इस्तीफा दे दिया है। नियाजी ने यह कदम पार्टी में अपने खिलाफ हुई बगावत के बाद उठाया है। दरअसल, नियाजी के खिलाफ पाटीआई के 25 विधायकों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। इसके बाद उन्होंने गुरुवार को राष्ट्रपति सुल्तान मोहम्मद चौधरी को अपना इस्तीफा भेज दिया। नियाज़ी ने अपने इस्तीफे में लिखा कि संविधान के अनुच्छेद 16 (1) के तहत मैं प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देता हूं।

समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, राष्ट्रपति के सचिव डॉ. आसिफ हुसैन शाह ने चौधरी के इसकी पुष्टि की है और राष्ट्रपति



ने उनका इस्तीफा स्वीकार भी कर लिया है। इससे पहले नियाज़ी ने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि अविश्वास प्रस्ताव में उनके खिलाफ "निराधार आरोप" लगाए गए हैं। नियाज़ी पिछले साल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री बने थे। तब पीटीआई ने यहां हुए चुनाव में 53 सीटों में से 32 पर जीत हासिल की थी।

## यरूशलम में संघर्ष : अल अक्सा मस्जिद में इस्त्राइल पुलिस व फिलिस्तीनियों के बीच हिंसक झड़प, 117 लोग घायल



**यरुशलम।** इस्त्राइल की राजधानी यरुशलम स्थित अल-अक्सा मस्जिद में फिलिस्तीनी नागरिकों व इस्त्राइल पुलिस के बीच संघर्ष की खबरें सामने आई हैं। शुक्रवार तड़के यहां दोनों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें करीब 117 फिलिस्तीनी घायल हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हिंसा किस वजह से हुई, इसका पता अभी तक नहीं चल आया है। हालांकि, बताया जा रहा है कि, सुबह की प्रार्थना के लिए हजारों की संख्या में मुस्लिम मस्जिद में इकट्ठे हुए थे। इसी दौरान इस्त्राइल पुलिस भी मस्जिद में प्रवेश कर गई। इसी दौरान दोनों में हिंसक झड़प हुई। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं। इसमें फिलिस्तीनियों को पत्थर फेंकते हुए और पुलिस को आंसू गैस के गोले दागते हुए देखा गया है। हालांकि, घटना के संबंध में अभी तक इस्त्राइली अधिकारियों की ओर से अभी तक घटना के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

# कोरोना जैसा वायरस बना रहा ड्रैगनः लोगों को नहीं मिल रहा खाना और दवाइयां, लेकिन पाक के साथ बायो वेपन बनाने में जुटा चीन

**वाशिगंटन।** कोरोना का कहर अभी खत्म नहीं हुआ है और चीन पाकिस्तानी सेना के साथ नया वायरस बनाने में जुट गया है। ऑस्ट्रेलियाई पोर्टल द क्लेसॉन की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। इसके अनुसार चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के निर्देश पर पाकिस्तान में ये घातक बायो वेपन बनाए जा रहे हैं।

वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और पाकिस्तान सेना के अधीन डिफेंस साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑर्गेनाइजेशन (डेस्टो) नया स्ट्रेन बनाने में जुटी है। पाकिस्तान की जिस लैब में ये नया वायरस विकसित किया जा रहा है उसके पास बायो सेफ्टी लेवल-4 है, यानी इस लैब में घातक स्ट्रेन बनाए जा सकते हैं। लॉकडाउन लगा हुआ है। घरों में बंद लोग खाना और दवाइयों के लिए तरस रहे हैं।

**इस पर रोक जरूरी**

सिंगापुर यूनिवर्सिटी के डॉ. रयान क्लॉर्क ने बताया कि चीन और पाकिस्तान के इस बायो वेपन प्रोग्राम पर यदि अंतराराष्ट्रीय समुदाय ने जल्द रोक नहीं लगाई तो यहां से कोरोना से कई गुना घातक वायरस स्ट्रेन दुनिया के लिए घातक साबित होंगे। इस पर रोक लगनी जरूरी चाहिए।

**चीन में 3.5 लाख नए कोरोना केस**-चीन में मार्च के बाद से ओमिक्रॉन के नए केस तेजी से बढ़े हैं। इसके चलते 45 शहरों में लॉकडाउन लगाया है। इसे तोड़ने वालों पर जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान है। शंघाई में पिछले एक महीने से 2.6 करोड़ लोग लॉकडाउन के कारण घरों में कैद हैं। इसके कई



वीडियो भी वायरल हो रहे हैं। इसमें दिख रहा है कि लोग अपने अपार्टमेंट की खिड़कियों से हेल्प-हेल्प चिल्ला रहे हैं और बता रहे हैं कि उनके पास खाने का सामान खत्म हो गया है।

**मरीजों को भर्ती होना जरूरी पर दवाएं नहीं**-चीन में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है। इसके तहत कोरोना मरीजों का अस्पताल में भर्ती होना जरूरी हो गया है। वहीं कई लोगों को होम आइसोलेट भी कर दिया गया है। इस वजह से यहां खाने और दवाओं की कमी हो गई है। शंघाई शहर के 50 से ज्यादा अस्थायी अस्पतालों में दवाएं नहीं हैं। साथ ही मेडिकल कर्मियों के पास PPE किट और मास्क नहीं हैं।

**माओ पॉलिसी को रिपीट कर रहे हैं शी जिनपिंग**

1953 में माओ ने अकाल का दोष गौरेया चिड़िया को माना था। जीरो स्पैरो की पॉलिसी जारी की गई थी। अब राष्ट्रपति जिनपिंग ने जीरो कोविड पॉलिसी लागू की है। चीनी अफसर पेट्स को मार रहे हैं। वायरल वीडियो में डॉग्स को मारते देखा जा सकता है।

## नन्हे-मुन्नों की कोरोना वैक्सीन : ब्रिटेन ने दी मॉडर्ना के टीके को मंजूरी, 6 से 11 साल तक के बच्चों को लगेगी खुराक

**लंदन।** ब्रिटेन ने नन्हे मुन्नों को कोरोना से बचाने के लिए मॉडर्ना इंका. द्वारा विकसित 'स्पाइकवैक्स1 टीके को मंजूरी दे दी है। ये टीके 6 से 11 साल तक के बच्चों को लगेंगे। ब्रिटेन के दवा नियामक ने इस टीके को पूरी तरह सुरक्षित पाया है। ब्रिटेन की मेडिसिन एंड हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स रेगुलेटरी एजेंसी के अनुसार मॉडर्ना की वैक्सीन स्पाइकवैक्स सुरक्षा, गुणवत्ता व असर की कसौटी पर खरी उतरी है।

स्पाइकवैक्स को ब्रिटेन में 12 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए पहले ही मंजूरी दे दी गई थी। इसके बाद कम उम्र के बच्चों को यह वैक्सीन देने की मंजूरी दी गई। इससे कुछ घंटे पूर्व ही फ्रांसीसी फर्म वालनेवा की वयस्कों की वैक्सीन को मंजूरी दी गई थी। वालनेवा की वैक्सीन आसानी से स्टोर की जाने वाली कोरोना रोधी वैक्सीन है। एमएचआरए के प्रमुख जून राइन का कहना है कि मॉडर्ना बयान में कहा कि यह टीकाकरण पर ब्रिटेन की संयुक्त समिति पर निर्भर करेगा कि वह देश के टीकाकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में मॉडर्ना के इस टीके को बच्चों को लगाने की इजाजत देगी या नहीं। मंजूरी मिल गई तो इसे ब्रिटेन के टीकाकरण अभियान में शामिल कर तेजी से बच्चों को लगाया जा सकेगा, ताकि उन्हें महामारी से बचाया जा सके। एमएचआरए की प्रमुख ने कहा कि यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मॉर्डना की बनाई वैक्सीन स्पाइकवैक्स को ब्रिटेन में छह से 11 साल के बच्चों के लिए मंजूरी दी गई है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# चीन पर कोरोना का वार, 44 शहर बीमार

**बीजिंग।** कोरोना की शुरूआत के लिए चर्चित चीन एक बार फिर कोरोना का वार झेलने को मजबूर है। चीन के कम से कम 44 शहर इस कदर बीमारी से त्रस्त हैं कि वहां पूर्ण या आंशिक लॉक डाउन लागू करना पड़ा है। तीन साल पहले इस महामारी की पहचान के बाद से अब तक के सर्वाधिक कोरोना मामले वहां सामने आ रहे हैं। चीन की सर्वाधिक आबादी वाला शहर शंघाई इस बार कोरोना महामारी का केंद्र बना हुआ है। हालात ये हैं कि वहां दवाओं ही नहीं खाने-पीने की वस्तुओं की भी कमी हो गयी है। चीन के 44 शहर इस समय कोरोना की चपेट में हैं। इन शहरों में लॉक डाउन लागू कर दिया गया है। कहीं पूर्ण तो कहीं आंशिक



लॉक डाउन है, किन्तु लोग परेशान हैं। आम जनता इतनी नाराज है कि सोशल मीडिया लोगों के गुस्से वाले पोस्ट्स से भरा हुआ है। चीन पर ये कहर कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन स्वरूप ने ढाया है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बचाव और नियंत्रण के उपायों को सख्ती से लागू करने की बात कही है। शी ने स्थानीय अधिकारियों को आदेश दिया है कि वायरस का प्रसार रोकने के लिए वे हर संभव कदम उठाएं। ये कदम इस ढंग से उठाए जाएं, जिससे आर्थिक और सामाजिक विकास न्यूनतम प्रभावित हो। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चीन के मौजूदा हालात को सर्वाधिक खतरनाक हालात करार दिया जा रहा है।